


दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...




नई दिल्ली। सोमवार 29 सितंबर-2025 | वर्ष : 10 अंक : 280 पेज-08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3

आमंत्रण

|| जय माता दी || **01 अक्टूबर, 2025** || जय माता दी ||

दैनिक

## करंट क्राइम द्वारा आयोजित

## शारदीय नवरात्र के अवसर पर

# विशाल भंडारा



**निवेदक**

समस्त करंट क्राइम परिवार

**स्थान**

के 4, ए ब्लॉक, गोविंदपुरम, कमर्शियल एरिया, निकट एलजी शोरूम, गाजियाबाद

## आप सादर आमंत्रित हैं !

समय : अपराह्न 12:30 बजे से प्रभु इच्छा तक

संपर्क सूत्रः- 9810910900 / 9899655497 / 9958431088 / 9958862507

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 29 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 280 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# 'बेटियां लहरा रहीं परचम'

## पीएम ने 'मन की बात' में की नारी शक्ति की प्रशंसा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ह्यमन की बातह्न कर्यक्रम के 126वें एपिसोड को संबोधित किया। अपने संबोधन में बेटियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं।

बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक और एजुकेशन से लेकर साइंस तक, आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं।




पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के इस समय में हम शक्ति की उपासना करते हैं। हम नारी शक्ति का उत्सव मनाते हैं। बिजनेस से लेकर स्पोर्ट्स तक और एजुकेशन से लेकर साइंस तक, आप किसी भी क्षेत्र को लीजिए, देश की बेटियां हर जगह अपना परचम लहरा रही हैं। आज वे ऐसी चुनौतियों को भी पार कर रही हैं, जिनकी कल्पना तक मुश्किल है।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय नौसेना के दो अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा से भी बातचीत की। पीएम मोदी ने कहा कि भारतीय नौसेना के इन दो बहादुर अधिकारियों ने नाविक सागर परिक्रमा के दौरान साहस और दृढ़ संकल्प दिखाया है। मैं ह्यमन की बातह्न के श्रोताओं को इन दो बहादुर अधिकारियों से परिचित कराना चाहता हूं। एक का नाम लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और दूसरे का नाम लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा है।

खादी के प्रति बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है।

खादी के प्रति लोगों के बढ़ते आकर्षण का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बीते 11 साल में खादी के प्रति देश के लोगों का आकर्षण बहुत बढ़ गया है। पिछले कुछ वर्षों में खादी की बिक्री में बहुत तेजी देखी गई है। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि 2 अक्टूबर को कोई ना कोई खादी प्रोडक्ट जरूर खरीदें। उन्होंने आगे कहा, ह्लगर्व से कहें -ये स्वदेशी हैं।

2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी उन्होंने आगे कहा कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती है और गांधी जी हमेशा स्वदेशी अपनाने पर जोर देते थे और खादी उनमें सबसे पहले थी।

# पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने हाउस टैक्स को लेकर स्पष्ट रूप से रखे विचार, कहा -

## जनप्रतिनिधियों को कराना चाहिए समाधान, ये उनकी है जिम्मेदारी






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी एक ऐसे नेता हैं जो जनमुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखते हैं। वो बेबाक तरीके से बात रखते हैं और आलोचना के घेरे में कई बार खुद भी रख लेते हैं। बालेश्वर त्यागी उत्तर प्रदेश के गृहराज्यमंत्री रहे हैं, वो उत्तर प्रदेश के व्यापार कर मंत्री रहे हैं, वो बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं, राजनीति की एक ऐसी हस्ती हैं जो सत्ता की ऊंचाईयों पर बैठकर भी सरलता और सहजता नहीं भूले हैं। उनकी जीवनशैली अनुकरणीय है। हाउस टैक्स वृद्धि के मुददे पर दैनिक करंट क्राइम ने उनकी राय जानी। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने स्पष्ट रूप से इसे जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी बताया। उन्होंने अपने समय के कार्यकाल को भी याद किया और बताया कि मैं मंत्री होते हुए नगर आयुक्त को फोन कर निगम का मुद्दा रखता था और सबसे बड़ी बात उन्होंने ये कही कि अगर जनप्रतिनिधि जनता के मुद्दे पर भी एकजुट नहीं हैं तो फिर चुनाव में इसके साइड इफैक्ट आएंगे।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर चल रहे पूरे घटनाक्रम पर अपनी राय व्यक्त की और कहा कि जनप्रतिनिधियों को इस मामले में पहल करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब जनप्रतिनिधियों की सरकार है तो फिर वो अपनी सरकार से इसका निर्णय कराएं। जनप्रतिनिधियों को जनता के हित की बात सोचनी चाहिए। कई गुणा हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि ये स्पष्ट करें कि या तो वो इस मुद्दे पर ये कहे कि हाउस टैक्स कम करने की मांग जनता की मांग नहीं है और ये ठीक नहीं है और या फिर इसे वो कम कराएं।

बालेश्वर त्यागी ने कहा कि हाउस टैक्स वृद्धि का मुद्दा किसी खास वर्ग के लिये नहीं है। ये किसी खास समाज के लिये भी नहीं है। ये तो सीधे-सीधे जनता से जुड़ा मुद्दा है और जनप्रतिनिधियों को इसमें दखल देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरी समझ में ये नहीं आता कि या तो जनप्रतिनिधि इस मामले में रुचि नहीं ले रहे और वो इसका समाधान भी नहीं करा पा रहे हैं। अजीब विचित्र सी स्थिति है कि ये स्थानीय मुद्दा है और पूरे शहर की जनता इससे प्रभावित है। उन्होंने कहा कि एक कमरे में रहने वाले परिवार से लेकर कोठी में रहने वाला परिवार इससे प्रभावित है। ये ईशू सभी का है।

### जब उन्होंने बताया किस तरह हाउस टैक्स हमने कम कराया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बालेश्वर त्यागी ने कहा कि जहां तक इस मुद्दे को लेकर अहम जिम्मेदारी की बात है तो वैसे तो जनता का मुद्दा है लिहाजा सभी की जिम्मेदारी है, लेकिन ये मूल रूप से नगर निगम का विषय है और यहां उन्होंने पुराने समय को याद किया और बताया कि हमारी ही पार्टी के डीसी गर्ग मेयर थे और तत्कालीन नगर आयुक्त ने मनमाने तरीके से हाउस टैक्स लागू कर दिया। तीन तरीके से टैक्स लगाया गया। जिनमें 40 रुपए, 60 रुपए का टैक्स था। हमने इस टैक्स को कम कराया था और हमारे कार्यकाल में भी ऐसा हुआ था और तब तत्कालीन मेयर डीसी गर्ग को मैंने फोन कर कहा तो उसके बाद मेयर ने कहा कि अपने स्तर से हम कर कम कर रहे हैं। शासन से जो आदेश आएगा तब होता रहेगा और हमने मेयर स्तर पर ही टैक्स कम करवा दिया था। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि हमारे समय में भी मेयर के पास बहुत सी बातें थी और वो अपने सुझाव हमसे रखवाते थे और हम उनकी बात को कई बार नगर आयुक्त के सामने रखते थे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि कितनी बार हमारे कहने से मेयर ने और मेयर के कहने से हमने बात रखी, क्योंकि बात जनता की थी।

### कम्यूनिकेशन गैप अगर जनता ने कर लिया तब?

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हाउस टैक्स मुद्दे को लेकर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने जनप्रतिनिधियों की राय एकजुट ना होने के सवाल पर कहा कि कम्यूनिकेशन गैप भी हो सकता है और ये अहंकार है। उन्होंने कहा कि वोट के समय अगर जनता ने कम्यूनिकेशन गैप कर लिया तब क्या होगा। उन्होंने कहा कि सरकार हमारी, शासन हमारा और जनप्रतिनिधि हमारे, फिर भी जनता का मुद्दा क्यों नहीं सुलझ रहा है। हमारे कार्यकाल में भी हम कहते थे और अधिकारी से लेकर शासन तक काम करवाते थे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने पुराने संस्मरण से बताया कि हमारे कार्यकाल में तो नगर आयुक्त ने टैक्स बढ़ाया था और हमने सीधे मेयर से कहा और उन्होंने कहा कि कर कम शासन से होता रहेगा, लेकिन मेयर स्तर से कर कम करवाया गया था।

### जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हल होते हैं जनता के मुद्दे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। हाउस टैक्स को लेकर कोर्ट और शासन वाली बात पर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि नगर निगम बोर्ड निगम से जुड़े मामलों में अंतिम सत्ता है। उन्होंने कहा कि मेयर और पार्षद बता सकते हैं कि क्या कठिनाई है और जनता के सवाल जनता के सदन में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से हल होने चाहिए। कोर्ट में जाने की परिपाटी ठीक नहीं, सरकार हमारी है तो जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जनता के मसले हल होने चाहिए। उन्होंने यहां पर ये भी कहा कि ऐसा नहीं है कि ये मुद्दा केवल निगम का है। ये मुद्दा सभी का है, ये मुद्दा जनता का है। वोट तो सभी को मांगना है और जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वो इस मुद्दे पर एकमत हों। मेरे हिसाब से नगर आयुक्त नहीं बल्कि सदन का फैसला सर्वोपरि होना चाहिए। यदि जनप्रतिनिधि एकमत हों और इससे बड़ा मुद्दा क्या होगा कि लोगों पर कई गुणा टैक्स लग गया। लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि यदि इसमें कुछ नहीं हुआ तो भाजपा को इसकी हानि उठानी होगी। भले ही आज जनप्रतिनिधि एकमत नहीं हो रहे हैं, लेकिन वोट मांगने तो जनता के बीच ही जाएंगे। मेयर सांसद, विधायक औरा पार्षद सभी अलग-अलग वोट मांगेंगे, लेकिन वोट तो भाजपा के लिये मांगेंगे और तब जनता उसी से पूछेगी जिसके चुनाव का नंबर पहले आएगा।

### जब सरकार हमारी, फिर किसकी है जिम्मेदारी

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने हाउस टैक्स वृद्धि को पूरी तरह गलत बताया। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से मामला नगर निगम का है तो ये मेयर को देखना है। यहां सरकार के मंत्री को, सरकार के विधायक को, सरकार के सांसद को इस विषय पर एकजुट होना चाहिए। यहां तक कि उन्होंने कहा कि संगठन को भी इस विषय पर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुझे यही समझ नहीं आ रहा कि टैक्स कई गुणा बढ़ाने का आधार क्या है। उन्होंने कहा कि संगठन को भी आगे आना चाहिए क्योंकि संगठन का भी ये दायित्व है कि वो जनता की समस्याओं का समाधान अपनी पार्टी के जनप्रतिनिधियों के जरिये कराए। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में सरकार हमारी, केंद्र में सरकार हमारी, मंत्री हमारे जनपतिनिधि हमारे, जब सब कछ हमारा है तो कहां दिक्कत आ रही है। अगर अधिकारी नहीं मान रहा और जनप्रतिनिधि नाराज हैं तो शासन से उसका तबादला कराएं। अगर, अधिकारी अच्छा काम कर रहा है तो शासन से उसका तबादला रुकवाएं। उन्होंने कहा कि कोई कुछ भी कहे, लेकिन यहां अधिकारियों से ज्यादा जवाबदेही जनप्रतिनिधियों की है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविन्दर गौड ने किया सिहानी गेट थाने के मिशन शक्ति केंद्र का निरीक्षण





### महिला पुलिस अधिकारी व टीम को दिए निर्देश

**गाजियाबाद , करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविन्दर गौड ने रविवार को थाना सिहानी गेट में संचालित मिशन शक्ति 5.0 केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, तकनीकी संसाधनों और महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। पुलिस कमिश्नर ने महिला पुलिस अधिकारियों व टीम से संवाद करते हुए उन्हें निर्देश दिए।

### इन अभियान व बातों का रखना होगा ध्यान

- पीड़ित महिलाओं की शिकायतों पर संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कारवाई की जाए।
- शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।
- एंटी रोमियो स्क्वॉड और महिला बीट योजना को नियमित रूप से लागू किया जाए।
- साइबर सुरक्षा और महिला सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएँ।
- निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि इन निर्देशों से मिशन शक्ति केंद्र और अधिक प्रभावी, संवेदनशील तथा महिलाओं के लिए भरोसेमंद बनेगा।

### पुलिस कमिश्नर ने किया सिहानी गेट थाने का निरीक्षण



करंट क्राइम। मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सीपी जे रविन्द्र गौड ने पहली बार सिहानी गेट थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र को बेहतर ढंग से स्थापित करने और उसे आधुनिक स्वरूप देने पर जोर दिया। थाना परिसर में साइबर क्राइम से जुड़ी व्यवस्थाओं, थाने के महत्वपूर्ण दस्तावेजों व अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से जायजा लिया गया। थाने को मॉडर्न लुक देने के तहत थाना प्रभारी का कक्ष नए स्वरूप में बनाया गया है। साथ ही साइबर सेल का अलग से निर्माण कराया गया है। थाने की रंगाई-पुताई, पुलिस कर्मियों के लिए सुविधाएं और अन्य निर्माण कार्य भी जारी हैं।




# किस एसीपी की गाड़ी ने मारी पूर्व मंडल अध्यक्ष को टक्कर?

## यूपी 112 पर कॉल नहीं लगी, बोले भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय चौधरी






### नहीं मिला यूपी 112 का नंबर

करंट क्राइम। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष राजनगर एक्सटेंशन निवासी अजय चौधरी का कहना है कि हादसे के बाद उन्होंने कई बार यूपी-112 पर कॉल की, लेकिन नंबर लगा ही नहीं। फिलहाल उन्होंने पुलिस को औपचारिक शिकायत नहीं दी है। अजय चौधरी का कहना है कि सुबह सीसीटीवी फुटेज निकलवाकर मामले में कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने इस घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर भी साझा की। भाजपा नेता ने सवाल उठाया कि अगर यह किसी अधिकारी की गाड़ी थी, तो कम से कम रुककर देखना चाहिए था कि दुर्घटना कैसे हुई है। अधिकारियों की संवेदनाएं खत्म होती जा रही हैं।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** रविवार की रात नंदग्राम थाना क्षेत्र में दिल्ली-6 मॉल के सामने बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय चौधरी अपनी स्कूटी से राज एक्सटेंशन स्थित घर लौट रहे थे।

इसी दौरान पीछे से आई एक सफेद बुलेरो, जिस पर एसीपी लिखा था, उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर मौके से फरार हो गई। गनीमत रही कि उनके अधिक चोट नहीं आई है। उनके हाथ और पैर में चोट आई है, वहीं पैर का जूता भी पूरी तरीके से फट गया है ।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी





रुकने के बजाय आगे बढ़ गई और थोड़ी दूर जाकर चालक ने उसे फिर दौड़ा दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह अजय चौधरी को उठाया। गनीमत रही कि उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, जिससे बड़ी चोट से बच गए।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






# जब पार्षदों ने दे दी नए वाले ग्रुप पर आपस में एक-दूसरे को गाली

## मच गया इस बात पर घमासान और फिर ग्रुप ही हो गया खाली

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आजकल सोशल मीडिया का युग है और यहीं पर बातों को लेकर घमासान भी हो जाता है। सोशल मीडिया से ही ये पता चलता है कि कौन किस ग्रुप में है और उसी से लॉयल्टी भी पता चलती है। नगर निगम में इन दिनों दो ग्रुप चल रहे हैं। पहला ग्रुप नगर निगम के पार्षदों का ग्रुप है और दूसरा ग्रुप पार्षद वैलयफेयर एसोसिएशन का ग्रुप है। अपनी-अपनी बात है, हर ग्रुप सब रखते हैं।



सूत्र बताते हैं कि इन दिनों क्रांतिकारी ऊर्जा से लबरेज एक पार्षद ने एक अलग ही ग्रुप का निर्माण किया। निर्माण के पीछे उनकी मंशा ये थी कि इस पर सब किसी विषय को लेकर राय साझा कर लेंगे। मगर, जब उन्होंने जूम वाली बैठक शुरू की तो कुछ ऐसा हो गया कि सभी का माथा घूम गया। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में दो महिला पार्षद भी जुड़ी हुई थीं। उन्हें भी ऐड किया गया था। इनमें से एक महिला पार्षद नदिया के उस पार की थी और दूसरी महिला पार्षद नदिया के इस पार की है।

पार्षदगण अपनी-अपनी बात कह रहे थे इतने में दो पार्षद बातचीत में इतने आउल स्टाइल में आ गए कि उनसे बड़ा वाला फाउल हो गया। अब ये तकनीकी चूक थी या गलती से मिस्टेक थी, मगर कुछ ऐसा हो गया कि उसमें री-टेक की संभावना नहीं थी और उसे सभी ने सुन लिया। दरअसल दोनों पार्षद पहले तो अपनी बात कर रहे थे और फिर उन्हें यही ध्यान नहीं रहा कि वो ग्रुप पर हैं और वो म्यूट का बटन दबाना भूल गये। सूत्र बताते हैं कि बातचीत की भाषा किसी को गाली देने से शुरू हुई और गलोच तक आ गई।

बताते हैं कि यहां पर ग्रुप एडमिन शोर मचाते रह गए मगर, उनका कोई जोर नहीं चला और जब तक पार्षदों को ध्यान आया तब तक मामले ने तूल पकड़ लिया था। सारे पार्षद फूल के और मामले ने तूल पकड़ रखा था। महिला पार्षद भी इस अंदाज में नहीं थी कि ए जी कोई गाली दे रहा है। बल्कि उन्होंने तो कमेंट वार शुरू कर दी और ग्रुप एडमिन से लेकर गाली वाले पार्षद भी बहन जी, बहन जी करते रह गए मगर, फूल वाली बहन जी ने अपना गुस्सा कम नहीं किया।

बताते हैं कि नदिया के उस पार वाली बहन जी तो फिर भी शांत हो गईं, लेकिन इस पार वाली बहन जी ने तो भाषा को लेकर बड़ा तमाशा कर दिया। अंत में ये हुआ कि ग्रुप एडमिन ने पहले तय किया कि शायद खुद ही एग्जिट हो जाएं, फिर उसके बाद उन्होंने रिमूव वाला फैसला लिया। मगर, आग इतनी आसानी से शांत कहां होने वाली थी और फिर वो रिमूव करते उससे पहले ही नदिया के इस पार वाली पार्षद ने पार्षदों के दूसरे ग्रुप की तरफ मूव कर लिया। अंत में ये हुआ कि पहले ग्रुप खाली हुआ और फिर ग्रुप ही रिमूव हो गया। किस्सा नदिया के इस पार हुआ और चर्चा उस पार तक चली और चलते-चलते वो नदिया के इस पार तक आ गई। गाली वाला किस्सा पूरी भाजपा में गूंज रहा है।

# हाउस टैक्स को लेकर करना होगा अभी थोड़ा वेट

## दशानन दहन के बाद ही हो पायेगा मामला अपडेट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स में वृद्धि हो गई और पार्षदों का एक दल लखनऊ घूम आया और पूर्व पार्षदों का दल न्यायालय की शरण में चला गया। जवाब दाखिल हुए, काउंटर जवाब दाखिल हुए। इधर इस मामले पर मीलॉर्ड ने पहले तारीख दी, फिर तारीख दी, फिर तारीख हुई और तारीख पर तारीख वाला सिलसिला चल निकला है। इस मामले में 25 सितंबर को अदालत में तारीख लगी थी, उससे पहले 16 सितंबर की तारीख थी।



बताया जाता है कि अब इस माले में याचिकाकताओं से लेकर अपडेट रखने वालों को थोड़ा वेट करना होगा क्योंकि तारीख पर तारीख वाले सीन में छुट्टी पर छुट्टी वाला ट्विस्ट आ गया है। अक्टूबर के महीने में छुट्टियों का एक बड़ा सीजन आ रहा है। छुट्टी पर छुट्टी होगी, लिहाजा ऐसे में तारीख पर तारीख वाला सीन नहीं होगा। अब रावण दहन के बाद ही इस मामले में कोई नया अपडेट अएगा। जब हाईकोर्ट खुलेगा और कामकाज शुरू होगा तब पता चल पायेगा।

# क्रोध को लेकर चर्चा में भगवा गढ़ के एक बिरादरी के नेता तीन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में वैसे तो ये कहा जाता है कि इनके लहजे में गजब की मिठास है, लगता है कि चुनाव पास हैं। मगर, चुनाव हुए बहुत दिन हो गए और चुनाव आने में अभी पूरा डेढ़ साल है। मगर, भाजपा के भीतर ये चर्चा है कि साहब उनके तापमान को लेकर बड़ा ही विकट सीन है। चर्चा में तीन नेता ऐसे हैं जिनके बारे में ये कहा जाता है कि कुछ पता नहीं चलता, कब उनका मूड अचानक से रूड हो जाए। कमाल ये है कि जिन नेताओं को कभी भी किसी पर अचानक से तैश आ जाता है ये तीनों ही नेता एक ही बिरादरी के बताए जाते हैं। उनके तापमान का किस्सा लखनऊ के सियासी आसमान तक है। पार्टी के भीतर ये चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या है कि इन तीनों भगवा नेताओं को अचानक से गुस्सा आ जाता है।



पार्टी ने टिकट दिया है और जनता ने जनादेश दिया है, मगर कई बार ऐसा हो गया कि ये आवेश में आ जाते हैं। सीन में तीन ही चेहरों का जिक्र हो रहा है। तीनों ही चेहरों की बिरदारी एक है। अब तो भाजपा में ये चर्चा चल रही है कि कार्यकर्ता इनके सामने अपना माउथ खोलने से पहले ईस्ट टू वेस्ट और नॉर्थ टू साउथ देख लेते हैं। अब तो कार्यकर्ता भी ये सोचकर जाते हैं कि पता नहीं कब इनका मूड ऑफ हो जाए। पहले मूड को भांपा जाता है, उसके बाद ही फिर अपनी बात रखी जाती है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि कुछ पता नहीं चलता कि हम बात नॉर्मल कहे और उधर से तूफानी रेस्पांस आ जाए। अंदरखाने यही चर्चा है कि चलो सबका अपना-अपना मूड होता है, लेकिन ये राजनीति है और यहां अपने मूड के हिसाब से नहीं बल्कि राजनीतिक तकाजों के हिसाब से चला जाता है। राजनीति में सामान्य पब्लिक से लेकर पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ता को स्नेह की भाषा से साधा जाता है, लेकिन भाजपा के तीन चेहरे इन दिनों अचानक आपा खो देते हैं। सूत्र बताते हैं कि भले ही कोई इन तीनों का फिलहाल कुछ बिगाड़ ना पाने की स्थिति में हो, लेकिन ये रवैया आने वाले समय में पार्टी का काफी कुछ बिगाड़ देने की क्षमता रखता है।

जनता के बीच संदेश अच्छा नहीं जा रहा है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि भले ही वो काम करें ना करें लेकिन जुबान तो सॉफ्ट रखें।

# अभिषेक गर्ग ने शुरू किया मिशन-अब तक 56

## आ रही है ये आवाज हो गया है चुनावी दावेदारी का आगाज

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समाजवादी पार्टी चुनावी तेवरों में हैं। अगर, विपक्ष की बता करें तो उत्तर प्रदेश में ये पहली पार्टी है जो चुनावी मोड में है। बीते दिनों पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में गौतमबुद्धनगर गाजियाबाद और बागपत जिले के समाजवादियों की बैठक ली। उन्होंने इस बैठक में टिकट की इच्छा रखने वालों को संदेश दिया था कि वो बीएलए बनाएं, बूथ पर फोकस करें और होर्डिंग वाले प्रचार में आए।




अगर यहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशों के अनुपालन की बात करें और दावेदारी की बात करें तो यहां पहली दस्तक समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने दी है। अभिषेक गर्ग अब तक 56 वाली स्टाइल में हैं। वो पहले भी कह चुके हैं कि विधानसभा वाले कॉलम में विधानसभा का नाम गलत गया है और अब वो जब दिवाली से लेकर छठ पूजा की बधाई दे रहे हैं तो यहां विधानसभा का नंबर लिखना नहीं भूले हैं। राजनीति में सीधी सी बात है कि अगर चुनावी टंकार है तो फिर सड़कों से लेकर चौराहों तक प्रचार है। इस कड़ी में सपा के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग ने सबसे पहले शुरूआत की है। वो सबसे पहला होर्डिंग लेकर आए हैं, शहर में वो स्पष्ट संदेश दे रहे हैं और 56 के पीछे का मतलब भी सब समझ रहे हैं।

सूत्र बताते हैं कि कुछ समय पहले समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने लगभग 50 टीमों से एक सर्वे कराया था और इस सर्वे में उन्होंने बूथ, वोट से लेकर अपने नेताओं की जनसक्रियता का भी एक टेस्ट कराया था। लखनऊ वाली बैठक में सपा के चुनाव लड़ने वाले चेहरों को निर्देश मिले थे और बताते हैं कि अब समाजवादी पार्टी जहां चुनावी चेहरों को एक्टिव रहने के निर्देश दे रही है वहीं संगठन को भी निर्देश है कि वो बूथ पर फोकस करें। क्योंकि इस अभियान की विशेष रूप से मॉनिटरिंग होगी। सपा इस बात को अटल सत्य मानकर चल रही है कि जब चुनावी रण होगा तो यहां पहली चोट वोट की होगी। अगर वोट सपा के पास होंगे और वो वोट बूथ तक आयेगा तो फिर निश्चित रूप से सपा का चुनावी संग्राम मजबूत हो जाएगा।

सपा के चुनावी संग्राम में शहर विधानसभा से उसके पहले योद्धा के रूप में अभिषेक गर्ग ने हुंकार भरी है। उन्होंने दावेदारी की है और ये दावेदारी होडिंगों के माध्यम से सामने आ गई है। वो एहसास करा रहे हैं कि वो समाजवादी पार्टी के चुनावी रण में आ सकते हैं। अभिषेक गर्ग वैसे भी यहां उस स्थिति में है जहां वो एक पावरफुल पॉजिशन में आएंगे। वो वैश्य समाज का सौम्य और उच्च शिक्षित चेहरा हैं। उनकी अपनी एक सामाजिक प्रतिष्ठा है। उनके परिवार का अपना प्रोफाइल है और सबसे बड़ी बात ये है कि अभिषेक गर्ग पॉलिटिकल रूप से एक ऐसे चेहरे के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं जो जनता के बीच रहते हैं। बीते दिनों शहर के सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों में वो मौजूद रहे हैं, अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। बड़ी बात ये है कि जिस विधानसभा में संजीव शर्मा मेहनत कर रहे हैं जनता के बीच जा रहे हैं उस विधानसभा में उसी अंदाज में अभिषेक गर्ग भी आ गए हैं।

# क्या नगर निगम में होंगे 'लंगूर कर्मचारी'

## बंदरों के आतंक से निपटने के लिए प्रदेशभर में नई प्लानिंग

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** गाजियाबाद सहित प्रदेश के कई बड़े नगर निगम क्षेत्रों में बंदरों और कुत्तों का आतंक लगातार चर्चा में बना रहता है। आए दिन इनके हमले की घटनाएं सामने आती हैं। कभी इस मामले में कोर्ट दखल देता है, तो कभी सरकार के स्तर पर सुझाव आते हैं। अब सूत्रों से खबर मिल रही है कि नगर निगम बंदरों से निपटने के लिए एक अनोखी योजना पर काम कर रहा है।



### जल्द शुरू हो सकता है अभियान

करंट क्राइम। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि इस प्रक्रिया पर तेजी से काम चल रहा है। लंगूर की वेशभूषा वाले कर्मचारियों को बाकायदा नगर निगम के पेरोल पर रखा जाएगा और बंदरों को भगाने की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। माना जा रहा है कि यह अभियान जल्द शुरू हो सकता है।

### लंगूर की वेशभूषा में होंगे कर्मचारी

करंट क्राइम। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, जल्द ही गाजियाबाद जैसे बड़े नगर निगमों में विशेष कर्मचारी तैनात किए जाएंगे, जो लंगूर की वेशभूषा पहनकर बंदरों को भगाने का काम करेंगे। इसके लिए बाकायदा भर्ती प्रक्रिया होगी, कर्मचारियों को वेतन दिया जाएगा और उनका ड्यूटी चार्ट भी बनाया जाएगा। कितने बंदर भगाए गए, इसका आंकड़ा भी संकलित किया जाएगा।



### आगरा में ताजमहल परिसर में आजमाई जा चुकी है योजना

करंट क्राइम। यह प्रयोग नया नहीं है। नगर निगम सूत्र बताते हैं कि आगरा में ताजमहल परिसर और आसपास बंदरों के आतंक से बचाव के लिए पहले भी लोगों को लंगूर की तरह तैयार करके ड्यूटी पर लगाया गया था। अलग-अलग शिफ्ट में ये कर्मचारी तैनात रहते थे ताकि बंदर पर्यटकों और आम लोगों को नुकसान न पहुंचा सकें। यही तरीका अब प्रदेश के अन्य प्रमुख नगर निगमों और शहरों में भी अपनाया जाएगा।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम अस्पताल वाली दौड़ में लगा रहे थे दौड़? हमें ऐसा लगा जैसे हमने किसी को पीछे दिया है छोड़? हमने नहीं दौड़ने पर पूछी युवा वाले महान मंत्री से बात? कहा- इस दौड़ में आप अपनी तकदीर क्यों नहीं आजमा रहे हो साहब? वो बोले-अब हमने इस तरीके के इरादे दिये हैं छोड़? आठ सालों से कुछ भी नहीं मिला, लगाकर देख ली है हमने दौड़?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** बख्शी जी आजकल कर रहे हैं शेर- ओ - शायरी में बात? अस्पताल वाली दौड़ में हमने टटोले उनके जज्बात? हमने कहा- आजकल आपके ज्यादा दर्शन नहीं हो रहे हैं श्रीमान? उन्होंने कहा- अभी हमारा ठीक समय नहीं चल रहा है श्रीमान? कभी तो आएगा हमारी उम्मीदों का दौर, देखना, तब हम खूब लगाएंगे दौड़?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये राजनीति है, यहां पर कोई नहीं करता है एक-दूसरे को फेवर? हमने देखा, जब भाभी ने लगाया ब्लड डोनेशन कैंप, तब उसमें नहीं पहुंचे देवर? कहने वाले ने कहा- अभी कुछ है मामले में रोड़ा? इसलिये हमने है सबकुछ इस मामले में वक्त पर छोड़ा?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इंद्रा जी एरिये के पूर्व वाले मंडल के पदाधिकारी पहुंचे हैवीवेट वालों के खास शर्मा चेहरे के पास? इन पूर्व वालों ने कराया अपनी अनदेखी का एहसास? कहा- हमारे ऊपर कोई भी नहीं दे रहा है ध्यान? पता ही नहीं चलता है कि कब हो गया पार्टी का प्रोग्राम? ये सुनकर निकाल दिया शर्मा जी ने तोड़? कहा- मैं एक वरिष्ठों का ग्रुप बनाऊंगा, उसमें दूंगा आप सबको जोड़? फिर आसानी से होगी आपको हर सूचना प्राप्त? पूर्व वाले सोच रहे थे कि शर्मा जी सीरियसली नहीं कर रहे हैं ये बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने जब किये संजयनगर वाली रामलीला में मुख्य अतिथि के तौर पर केडी त्यागी जी के दीदार? तब अचानक फूटा हमारे दिमाग में एक विचार? हमको समझ आया, सोच समझकर दिया है त्यागी जी को चीफ गेस्ट बनाकर देने वाले ने किसी को जवाब? कुछ इस तरह से बुझा रहे हैं बुझाने वाले अपनी आग? कहने वाले ने कहा- भले ही चल रही हो रामलीला, मगर ऐसा होने से कर दी है करने वालों ने अंदरखाने महाभारत की शुरूआत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे पार्टी के किसी बड़े नेता के पास? वहां पर क्रांतिकारी विधानसभा को लेकर चल रही थी बात? कहने वाले कह रहे थे, यहां से तभी जाएगा बाकी नेताओं का मैसेज खास, तब इनमें से कोई करायेगा बड़ी जनसभा का एहसास? देखना अब ये है कि ऐसी जनसभा का कौन बांधेगा अपने सिर पर सहरा? देखना अब ये है कि कसाना जी, मावी जी, बंसल जी और निठोरा जी में से कौन करेगा यहां पर शुरूआत?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये हमें पता नहीं इस सूचना में कितना झूठ है और कितना है सच? मगर, हमें पता चला है कि अभी संगठन पदाधिकारियों की घोषणा में लग सकता है और भी वक्त? हमें मिल रहे हैं ऊपर से यही संकेत, बिहार चुनाव के बाद ही घोषित किये जाएंगे फेस? नवंबर के बाद ही आएगा अब कोई पैगाम? इसलिये पेंशंस साधकर सभी दावेदारों को करना होगा काम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हो गया है कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव का यही है फिलहाल ताजा अपडेट? मगर, जो हमें अंदर से पता चली है बात उसके अनुसार उपाध्यक्ष का चुनाव होगा थोड़ा लेट? कहने वाले ने कहा- जब कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव में बीत सकता है एक साल, तो आप खुद ही सोचो किसके मन में आएगा जल्दी चुनाव कराने का ख्याल? जैसे उस चुनाव को लगा है इतना टाइम, तो यहां पर भी रहनी है यही स्थिति, मंथ इलेवन भी हो सकते हैं और हो सकते हैं नाइन?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** तिकड़ी वाले त्यागी जी फिलहाल फील कर रहे हैं प्रेशर? सुना है, नहीं निकल पा रहा है पार्क वाली समस्या का समाधान? हम वैसे ही नहीं कह रहे हैं ये बात, हिंडन की ओर से आया है हमारे पास ये पैगाम? सुना है, सेना वाले पार्क को लेकर फंस गया है पेंच? त्यागी जी हमारे सरल हैं इसलिये इस बात को वो ठीक पलेटफार्म पर नहीं कर पा रहे हैं पेश?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही मैं बैठा था, अचानक मेरे ख्यालों में आ गया पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा का चेहरा? मैंने देखा- राजनीति की इस भागदौड़ में उनको क्या मिलेगा, आखिर कौन सा बंधेगा उनके सिर पर सेहरा? फिलहाल तो वो जरूरत के अनुसार हर जगह दिखाई देते हैं मौजूद, मगर जिस हिसाब से उभरना चाहिए वैसा उभर नहीं रहा है उनका वजूद? कहने वाले ने कहा- उन्होंने विपक्ष में थानों को जोरदार तरीके से घेरा था, मगर उनकी मेहनत का ना जाने पार्टी क्यों नहीं तलाश रही है प्रूफ?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# पीएम मोदी की कूटनीति सफल

अमेरिका ने साफ कहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान का आपसी मसला है और इसमें किसी तीसरे पक्ष की भूमिका नहीं हो सकती। यह बयान ऐसे समय आया है जब तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा उठाने की कोशिश की थी, जिसे भारत ने कड़ा जवाब दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे पर बातचीत हमेशा द्विपक्षीय स्तर पर ही होती रही है। कश्मीर का मसला भी इनमें से एक है। हालांकि, कई मौकों पर खुद पाकिस्तान ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की है, लेकिन भारत तीसरे पक्ष की भूमिका को सिरे से खारिज करता रहा है। अब अमेरिका ने भी साफ कर दिया है कि कश्मीर भारत–पाकिस्तान का आपसी मसला है और इसमें किसी तरह का दखल देने में उसकी कोई रुचि नहीं है। अमेरिका का यह संदेश इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार यह दावा कर चुके हैं कि आपरेशन सिंदूर के दौरान भारत–पाक के बीच संघर्ष विराम कराने में उनकी अहम भूमिका रही है। जबकि भारत इन दावों को पूरी तरह नकारता रहा है। ऐसे में अब अमेरिका ने भारत के उस रुख की पुष्टि कर दी है कि पाकिस्तान से जुड़े मसलों में किसी तीसरे पक्ष का दखल कतई स्वीकार्य नहीं है। कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा दरअसल, 1971 के भारत–पाक युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच शिमला में एक अहम समझौता हुआ था। इसके तहत आम सहमति बनी थी कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर सहित जितने भी मसले हैं, उनका समाधान आपसी बातचीत से ही किया जाएगा। यानी द्विपक्षीय मुद्दों को न तो अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाया जाएगा और न ही इनमें किसी तीसरे पक्ष को शामिल किया जाएगा। मगर इस समझौते का पाकिस्तान ने कई बार उल्लंघन कर कश्मीर मसले को संयुक्त राष्ट्र में भी उठाया है। जबकि भारत इस समझौते के अनुरूप अपने रुख पर हमेशा कायम रहा है और इसी का नतीजा है कि अब अमेरिका ने भी स्वीकार किया है कि कश्मीर मसला सीधे तौर पर द्विपक्षीय मुद्दा है। गौरतलब है कि अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हाल ही में कहा कि यह उनके देश की दीर्घकालिक नीति है कि कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान ही आपसी बातचीत और सहमति से कोई हल निकाल सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि दोनों देशों की ओर से अमेरिका से किसी मुद्दे पर सहयोग मांगा जाता है तो वह मदद के लिए तैयार है। हालांकि, भविष्य में ऐसी नौबत आने की दूर–दूर तक कोई संभावना नहीं है। अमेरिका का यह बयान ऐसे मौके पर आया है, जब पाकिस्तान के मित्र देश तुर्किये के राष्ट्रपति ने पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मसला उठाया था। उनका कहना था कि कश्मीर मुद्दे का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के आधार पर संवाद के जरिए होना चाहिए। भारत ने इसका कड़ा विरोध करते हुए अपना रुख स्पष्ट किया और कहा कि यह सिर्फ द्विपक्षीय मुद्दा है और इसका अंतरराष्ट्रीयकरण नहीं किया जा सकता। तुर्किये पहले भी इस तरह की कोशिशें करता रहा है, जो भारत के प्रतिरोध के आगे बौनी साबित हुई हैं।

# अब विदेश से यूरेनियम का खनन करेगा भारत

## खदानों की पहचान के लिए एनटीपीसी नियुक्त करेगी सलाहकार

**नई दिल्ली।** एनटीपीसी का यह कदम न सिर्फ उसकी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि भारत को भी स्वदेशी परमाणु ऊर्जा क्षमता बढ़ाने में मदद करेगा। विदेशों से यूरेनियम खदानों में हिस्सेदारी लेने से भारत को वैश्विक बाजार पर कम निर्भर रहना पड़ेगा। इससे आने वाले वर्षों में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को तेज गति मिल सकती है।

ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड अब परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए जरूरी यूरेनियम की सप्लाई सुनिश्चित करने के कदम उठा रही है। इसके तहत कंपनी विदेशों में यूरेनियम खदानों की पहचान करने के लिए एक सलाहकार नियुक्त करेगी। यह कदम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद उठाया जाएगा। भविष्य को ध्यान में रखकर लिया गया फैसला कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह फैसला एनटीपीसी के भविष्य के स्वतंत्र परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं को कच्चा माल उपलब्ध कराने की योजना का हिस्सा है। अभी एनटीपीसी का फोकस न सिर्फ थर्मल और सोलर ऊर्जा पर है, बल्कि वह परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है।

'हम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के साथ एक संयुक्त उद्यम समझौते पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में हैं।




### राजस्थान में 42000 करोड़ का परमाणु प्रोजेक्ट

फिलहाल एनटीपीसी, न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के साथ ज्वाइंट वेंचर के तहत राजस्थान में एक बड़ा परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट स्थापित कर रही है। इस प्रोजेक्ट में एनटीपीसी की 49% हिस्सेदारी होगी, जबकि एनपीसीआईएल की 51% हिस्सेदारी रहेगी। इस प्रोजेक्ट का कुल निवेश लगभग 42000 करोड़ रुपये है। इसका नाम माही बांसवाड़ा राजस्थान एटॉमिक पावर प्रोजेक्ट (एमबीआरएपीपी) रखा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में बांसवाड़ा में इस परियोजना की आधारशिला रखी। यह परियोजना अनुषक्ति विद्युत निगम लिमिटेड नाम के संयुक्त उद्यम (जेवी) कंपनी के जरिए स्थापित की जा रही है।

### एनटीपीसी की नई दिशा– खुद की परमाणु परियोजनाएं

एनटीपीसी के सीएमडी गुरदीप सिंह ने हाल ही में बताया कि कंपनी भविष्य में स्वतंत्र परमाणु परियोजनाएं स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। इसके लिए कंपनी कई न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी प्रदाताओं और राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम कर रही है। इससे एनटीपीसी को अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को और विविध बनाने का मौका मिलेगा।

## जीएसटी कटौती से 25 फीसदी तक बढ़ी खरीदारी

### ब्रिक्स समर्थित बैंक मार्च तक लाएगा रुपया आधारित बॉन्ड

**नई दिल्ली।** जीएसटी दरों में कटौती से इस सीजन में उपभोक्ता व्यवहार में तेजी देखी जा रही है। इससे महानगरीय व उभरते बाजारों में त्योहारी मांग में 23–25 फीसदी की बढ़त हुई है। नवरात्र के पहले दिन बड़ी स्क्रीन वाले टीवी, मध्यम श्रेणी के फैशन और फर्नीचर सहित कई उच्च मांग वाली श्रेणियों में कर की दरें कम हो गई हैं। इससे उपभोक्ताओं को सीधे लाभ मिल रहा है।

## मुथूट फिनकॉर्प पर 2.7 लाख का जुर्माना



आंतरिक लोकपाल से जुड़े कुछ नियमों के उल्लंघन पर आरबीआई ने मुथूट फिनकॉर्प लि. पर 2.7 लाख का जुमार्ना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने शुक्रवार को कहा, 31 मार्च, 2024 तक कंपनी की वित्तीय स्थिति के वैधानिक निरीक्षण के बाद नोटिस जारी किया गया था। नोटिस पर कंपनी के जवाब पर विचार करने के बाद आरोप सही साबित हुए। इसलिए, कंपनी पर जुमार्ना लगाया गया है।

## अमेरिका से 196000 से अधिक वाहन वापस बुलाएगी बीएमडब्ल्यू

कार निमार्ता कंपनी बीएमडब्ल्यू इंजन में खराबी के बाद अमेरिका से अपने 1,96,000 से ज्यादा वाहनों को वापस बुलाएगी। इंजन में खराबी के कारण इसमें जंग लगने की समस्या से ओवरहीटिंग और शॉर्ट सर्किट हो सकता है। इससे आग लगने का खतरा बढ़ सकता है। अमेरिकी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात सुरक्षा प्रशासन ने कहा कि इसके चलते टोयोटा सुप्रा और 2022 बीएमडब्ल्यू 230 आई वाहनों सहित कई मॉडलों पर प्रभाव पड़ेगा।

# अकाउंटिंग विभाग में 10 वर्ष से चल रहा था गड़बड़ी का खेल

## ईओडब्लयू ने पूर्व सीएफओ का दर्ज किया बयान




**नई दिल्ली।** इंडसइंड बैंक में अकाउंटिंग में गड़बड़ी का खेल पिछले 10 साल से चल रहा था। यह खुलासा बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी यानी सीएफओ और व्हिसलब्लोअर गोबिंद जैन ने किया है। जैन ने मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के सामने दावा किया कि बैंक के डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ी 2015 से चली आ रही है। पुलिस ने इसी सप्ताह जैन और डिप्टी सीईओ अरुण खुराना का बयान दर्ज किया था।

जैन ने कहा, तत्कालीन बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और पूर्व फाइनेंस प्रमुख एसवी जरेगांवकर को अकाउंटिंग की गड़बड़ी की जानकारी थी। इस वजह से जैन ने चार बार इस्तीफा दे दिया था। जैन ने सबसे पहले जून,2024 में इस्तीफा सौंपा था लेकिन वह मंजूर नहीं हुआ।

इसके बाद 3 और बार इस्तीफा दिया। आखिरकार इस साल जनवरी में इस्तीफा मंजूर हुआ। उन्होंने बार-बार उस समय के एमडी और सीईओ सुमंत कठपालिया से अपील की थी कि स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त कर मामले की जांच कराई जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो बैंक को गंभीर नुकसान हो सकता है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 24 सितंबर को अकाउंटिंग चूक की जांच के संबंध में बैंक के पूर्व सीईओ सुमंत कठपालिया का बयान दर्ज किया।

### यह था गड़बड़ी का मामला

इंडसइंड बैंक को लेकर अनिश्चितता तब शुरू हुई, जब इस साल मार्च में बैंक ने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो से जुड़ी अकाउंटिंग चूक की जानकारी दी। 10 मार्च को बैंक ने खुलासा किया कि डेरिवेटिव्स लेन–देन में गड़बड़ी के कारण उसे 1,577 करोड़ रुपये का झटका लग सकता है। कई ऑडिट के बाद बैंक ने मार्च तिमाही के नतीजों में करीब 2,000 करोड़ रुपये का एकमुश्त घाटा दर्ज किया। 27 मई को सेबी ने एक अंतरिम आदेश जारी किया। इसके मुताबिक, बैंक प्रबंधन को डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग की गड़बड़ियों के बारे में बैंक द्वारा स्टॉक एक्सचेंजों को बताए जाने से 15 महीने पहले ही पता चल गया था।

# दुनियाभर के पेशेवरों को कनाडा बुलाने की तैयारी में पीएम कार्नी, कहा- जल्द बढ़िया स्कीम लाएंगे



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर करने के चलते कई स्किल्ड वर्कर्स (कुशल श्रमिक) का वहां जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कनाडा इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने शनिवार को लंदन में पत्रकारों से कहा कि वह अमेरिका में काम करने वाले टेक्नोलॉजी सेक्टर के उन लोगों को कनाडा बुलाना चाहते हैं, जो अब वीजा फीस बढ़ने से मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार अपनी आव्रजन नीति की समीक्षा कर रही है और ऐसे कुशल लोगों को अपने यहां बुलाने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा, उनकी सरकार जल्द ही एक बढ़िया स्कीम लाएगी, जिससे कुशल पेशेवर को कनाडा में आने की सुविधा होगी।

**जर्मनी–ब्रिटेन के लिए भी अवसर :** बता दें कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते एक आदेश में कहा कि अब से जो नए एच-1बी वीजा जारी किए जाएंगे उनपर 1 लाख डॉलर का टैरिफ लगेगा। उनके इस आदेश के बाद उन अमेरिकी कंपनियों और प्रतिभाओं के बीच निराशा पैदा हो गई जो कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, इंजीनियरिंग और अन्य भूमिकाओं में अमेरिका में अपना भविष्य देख रहे हैं। ट्रंप के इस फैसले को लेकर जर्मनी और ब्रिटेन भी कुशल कारीगरों को अपने देश में आकर्षित कर रहे हैं। दोनों देश अपने यहां कुशल पेशेवरों को लाने के लिए इच्छुक हैं।

### विशेषज्ञ बोले- अमेरिका जाने वाले अब कनाडा आएंगे

टोरंटो की फर्म पैसेज के सीईओ मार्टिन बसिरी के मुताबिक वे लोग जो एच–1बी के जरिये अमेरिका आने की योजना बना रहे थे अब कनाडा का रुख करेंगे। मध्यम रेंज वाले व्यापारी, जो 1 लाख डॉलर का टैक्स नहीं चुका सकते, वे कनाडा में अपना ऑफिस खोल सकते हैं। अब कनाडा के पास मौका है कि इन हाई स्किल्ड लोगों के लिए वह नई स्कीम लेकर आए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- साल 2012 में मिस्र की यात्रा के दौरान, हिलेरी क्लिंटन का टमाटर और जूते के साथ स्वागत हुआ, जबकि प्रदर्शनकारियों ने 'मोनिका, मोनिका' का नाम चिल्ला रहे थे।
- टमाटर कई अलग–अलग तरीकों से खाया जाता है, फल की तरह कच्चा होता है, कई व्यंजनों, सॉस, साल्सा, सलाद, केचप या टमाटर के सूप में संसाधित होता है।
- एक इतालवी एनजीओ ने जाम्बियाई लोगों को कृषि की कमी वाले उपजाऊ घाटी में टमाटर को कैसे विकसित करना है, स्थानीय लोगों को भुगतान करने और भोजन उगाने के लिए उन्हें सिखाने का फैसला किया। जब टमाटर बड़े और परिपक्व हो गए, तो 200 हिप्पो नदी से निकल आए और सबकुछ खा लिया। जाम्बियन ने समझाया, यही कारण है कि हमारे यहां कोई कृषि नहीं है।
- टमाटर लाइकोपीन में समृद्ध होते हैं, एक एंटीऑक्सिडेंट जो हृदय के लिए अच्छा होता है और कुछ कैंसर के खिलाफ प्रभावी होता है। कच्चे टमाटरों की तुलना में पके हुए टमाटर बेहतर होते हैं, टमाटर में विटामिन ए और सी, कैल्शियम, पोटेशियम भरपूर मात्रा में होता हैं।

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन अच्छा रहेगा। आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास। कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें।

**वृष :** मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है। समय पर लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है।

**मिथुन :** नए कार्यों की शुरूआत पर ध्यान देना चाहिए। कोई नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो दिन अच्छा है। साथ ही अवसरों का ध्यान रखें और हाथ से जाने न दें।

**कर्क :** मित्र आपकी मदद करेंगे। किसी मित्र को आपकी सलाह से बहुत लाभ हो सकता है। आपको केवल उन अवसरों के लिए धैर्य रखना होगा जो आपको मिलेंगे।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए खुशियों भरा रहेगा। जिन कार्यों को आप काफी समय से पूरा करने का प्रयास कर रहे थे, उन कार्यों के बारे में आप ध्यान से सोचेंगे।

**कन्या :** किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा फायदा उठा सकता है।

**तुला :** आज भाग्य आपका साथ देगा। आज आप अपने बात करने के तरीके से लोगों का दिल जीत लेंगे। अपने व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे।

**वृश्चिक :** व्यापार में विस्तार के साथ ही आप व्यापार जगत में अपनी पहचान बनाएंगे। आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।

**धनु :** आज का दिन आपके व्यक्तित्व को निखारने के लिए अच्छा है। आपका अच्छा व्यक्तित्व आपको समाज में एक अलग पहचान बनाने में मदद करेगा।

**मकर :** कोई बड़ा खर्च करना चाहिए और न ही कोई वादा करना चाहिए। एक सुखद और आनंददायक दिन होगा। अपने आप में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ :** दिन महत्वपूर्ण रहेगा। ऑफिस में बॉस काम से खुश हो सकते हैं और इनाम के तौर पर प्रमोशन दे सकते हैं। इस राशि के राजनीतिक नेताओं के लिए दिन अच्छा है।

**मीन :** आज अगर आपको मदद की जरूरत है तो आज आपके दोस्त और रिश्तेदार पीछे नहीं हटेंगे। आज आपको कुछ महत्वपूर्ण कार्य निपटाने होंगे।

## चुटकुले

पत्नी ने अचानक पति को जोर का चाटा मारा!
पति बेचारा तिलमिला उठा..
पति– मारा क्यों?
पत्नी– जी मच्छर था
और मेरे जीते जी कोई और आपका खून चूसे
ये मुझे बर्दाश्त नहीं।

---

पत्नी : सुनो जी, मैं कितनी बदल गई हूँ शादी के बाद?
पति : बहुत ज्यादा।
पत्नी : अच्छा? कैसे?
पति : पहले सिर्फ फोन का बैलेंस खत्म करती थी,
अब मेरा भी।

---

मरीज : डॉक्टर साहब, नींद नहीं आती।
डॉक्टर : रात को दूध पीकर सोया करो।
मरीज : पीकर तो लेटता हूँ।
डॉक्टर : फिर?
मरीज : फिर Washroom भाग जाता हूँ!

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# विधायक संजीव शर्मा ने किया नेत्र परीक्षण और मोतियाबिंद चयन शिविर का शुभारंभ



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** बृज विहार सी ब्लॉक स्थित आर्य समाज में रविवार को छठ पूजा समिति डी-ब्लॉक ब्रिज विहार एवं समस्त मंदिर समिति ब्रिज विहार के तत्वावधान में एवं तारा संस्थान, उदयपुर के संयुक्त सहयोग से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश त्रिपाठी, सुनीता चौधरी ववीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। शिविर में करीब 400 लोगों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई। सैकड़ों लोगों को निःशुल्क चश्मे एवं दवाइयाँ वितरित की गईं। वहीं, 8 मरीजों का चयन निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु किया गया, जिन्हें तारा अस्पताल, लोनी भेजा गया। अस्पताल में मरीजों के लिए रहने, खाने और उपचार की पूरी व्यवस्था निःशुल्क की गई है। शिविर के दौरान डॉ. रितेश एवं डॉ. सुकेंद्र मिश्रा ने उपस्थित लोगों को नेत्र सुरक्षा एवं आँखों की देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही नेत्र सहायक ज्योति, पिंकी एवं प्रमोद जी ने भी लोगों को जागरूक करने का सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 17 सितम्बर को जन्मदिन से प्रारम्भ हुआ सेवा पखवाड़ा 2 अक्तूबर, महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिन तक चलेगा। इस दौरान पूरे देशभर में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# अग्रसेन सेवक संघ ने महाराजा अग्रसेन की छठी पर किया भण्डारा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अग्रसेन सेवक संघ की ओर से गोविंदपुरम में भगवान अग्रसेन की छठी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के कई पदाधिकारियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण कर उनका पूजन एवं आरती की। इस मौके पर आयोजित भण्डारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। अग्रसेन सेवक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री अजय अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि महाराजा अग्रसेन हमारे मार्गदर्शक पूर्वज ही नहीं बल्कि हमारे आराध्य देव भी हैं। उनकी कृपा सदैव वैश्य समाज पर बनी रहती है। उनके दिखाए मार्ग पर चल कर वैश्य समाज सदैव समाज सेवा का कार्य कर रहा है। इस अवसर संस्था की गोविंदपुरम शाखा के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गर्ग का जन्मदिन भी मनाया गया। संस्था की ओर से प्रदीप गुप्ता , बी एस अग्रवाल , ललित गोयल ,एस एल अग्रवाल ,अनुज गर्ग, कुलदीप गर्ग ,रेखा अग्रवाल , शिवचरण गुप्ता , सुशील गुप्ता , सुशील गोयल आदि उपस्थित थे।

# सुभाष युवा मोर्चा ने मनाई शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह की 118वीं जयंती सुभाष युवा मोर्चा द्वारा गाजियाबाद के जगदीश नगर स्थित सुभाषिनी ऑफसेट, एफ 10 पर रविवार को बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई।

**राष्ट्रीय संयोजक सतेन्द्र यादव ने किया शुभारंभ :** समारोह का शुभारंभ सुभाष युवा मोर्चा के संस्थापक एवं राष्ट्रीय संयोजक सतेन्द्र यादव ने शहीद भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। सतेन्द्र यादव ने बताया कि भगत सिंह का पूरा परिवार क्रांतिकारी था।

**वक्ताओं ने बताया शोषण मुक्त समाज का रास्ता :** इस अवसर पर सुभाष युवा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य गोपाल सिंह ने कहा कि खुद में देशभक्ति का जज्बा भरने के लिए शहीद भगत सिंह का नाम ही काफी है। वहीं, मनोज शर्मा होदिया ने बताया कि स्कूली शिक्षा से ही भगत सिंह ने आजादी के सपने देखना शुरू कर दिया था और गांधीजी के असहयोग आंदोलन में भाग लिया।

**लोगों ने दी श्रद्धांजलि :** शहीद भगत सिंह के जन्मदिवस समारोह में मुख्य रूप से सुनील दत्त, दीपक वर्मा, अनिल सिन्हा, कैप्टन गोपाल सिंह, विनोद अकेला, कमल यादव, रामकुमार शर्मा, राजीव रैना, राजेंद्र गौतम, के पी सिंह यादव, अनिल मिश्रा, भरत आर्य, तेजस्व भारद्वाज, मानव सिंह होदिया, गोपाल, योगेंद्र राय, सुरेश यादव, राजेंद्र सिंह कसाना, राजीव गौतम, राजेंद्र यादव, राजेश यादव, वीरेंद्र प्रताप यादव, अजय श्रीवास्तव, तेजेंद्र कुमार वर्मा, मुनेश कुमार, विकास पांडे, विनय कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, सुभाष चंद्र पांडे, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, शुभम मिश्रा, अजय कुमार बिट्टा, हर्षित, दीपक शर्मा, अखिल अहमद, सुभाष गिरी शुक्ला, इंद्रपाल सिंह यादव, अक्षत पुंडीर, लालबाबू झा, मुकेश सिंह पुंडीर, योगेंद्र सिंह, ओमप्रकाश कोरी, धर्मेंद्र सिंह, लक्ष्मण, राम गणेश सिंह, संजय कुमार, काशी सिंह यादव, शिवम, राजपाल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, पवन कुमार, दीपक कुमार रिंकू, अक्षय और रोहित सहित कई अन्य सदस्य और नागरिक सम्मिलित हुए और शहीद को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा

## गाजियाबाद से विवेक त्यागी बने राष्ट्रीय महामंत्री, पंडित राकेश शर्मा राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में बड़ा फेरबदल करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की घोषणा की गई है। इस बदलाव में गाजियाबाद को प्रमुखता मिली है, जहां से विवेक त्यागी को राष्ट्रीय महामंत्री और पंडित राकेश शर्मा (सदरपुर) को राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है।

यह घोषणा आज राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश स्थित गाजियाबाद कार्यालय पर आयोजित एक बैठक में की गई। राष्ट्रीय संगठन महामंत्री चिन्मय भारद्वाज ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजबाबू रस्तोगी के आदेश पर राष्ट्रीय पदाधिकारियों के कार्यक्षेत्र और जिम्मेदारियों में यह परिवर्तन किया गया है। **प्रमुख बदलाव :** राष्ट्रीय महामंत्री विवेक त्यागी (गाजियाबाद) निवर्तमान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं. राकेश शर्मा (सदरपुर, गाजियाबाद) निवर्तमान राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर, राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर मुकेश शर्मा (मेरठ)। बैठक में उपस्थित राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एस.पी. मिश्रा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला और संगठन का पटका पहनाकर बधाई दी। उन्होंने जल्द ही संगठन का सदस्यता अभियान शुरू करने की घोषणा करते हुए स्पष्ट किया कि बिना सदस्यता ग्रहण किए कोई भी संगठन का पदाधिकारी मान्य नहीं होगा।

**नेतृत्व का संकल्प :** नवनियुक्त राष्ट्रीय महामंत्री विवेक त्यागी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पूर्ण निष्ठा से अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे और संगठन को मजबूत करने तथा व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंडित राकेश शर्मा ने भी आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन को जल्द ही विस्तारित रूप दिया जाएगा और उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में गठन किया जाएगा। इस दौरान सक्रिय कार्यकर्ताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी जाएंगी। बैठक में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारतीय और विमल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# दशहरा के अगले सप्ताह प्रदेश में घोषित हुआ सार्वजनिक अवकाश, सात अक्तूबर को बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने इसकी घोषणा की है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 07 अक्तूबर 2025 को पूरे राज्य में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

इस अवकाश की घोषणा महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर की गई है। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है। यह घोषणा श्रावस्ती से की गई।

### श्रावस्ती को 510 करोड़ की 54 परियोजनाओं का तोहफा

जिले के एक दिवसीय दौरे पर सीएम इकौना के सीताद्वार मंदिर पहुंचे। उन्होंने सीताद्वार मंदिर व महर्षि वाल्मीकि आश्रम पर दर्शन-पूजन के बाद विशाल जन सभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने ने श्रावस्ती को 510 करोड़ रुपये की 54 परियोजनाओं का तोहफा दिया, जिसमें 238 करोड़ के 32 लोकार्पण व 274 करोड़ के 22 शिलान्यास कार्य शामिल रहे।

### पहले भी होता था अवकाश

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। समाज के पदाधिकारी द्वारा सरकार से 7 अक्टूबर को सार्वजनिक छुट्टी घोषित करने को लेकर ज्ञापन भी सौंपे थे। वाल्मीकि समाज के अनुसार पहले इस दिन सरकारी अवकाश होता था बाद में इसे रद्द कर दिया गया था। 2025 से यह परंपरा पुनः शुरू की जा रही है।

लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों कमली, शिवराम, सर्वजीत, सतेंद्र, आलोक, रिंकी रावत को चेक वितरित किया।इस दौरान विधायक श्रावस्ती रामफेरन पांडेय, जिला पंचायत दद्दन मिश्र, एमएलसी साकेत मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा, आयुक्त देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, आईजी अमित पाठक, डीएम अजय कुमार द्विवेदी, एसपी राहुल भाटी भी मौजूद रहे।

# तेजस्वी यादव ने सीएम नीतीश कुमार की घोषणाओं पर उठाए सवाल, पूछा- कहां से आएंगे रुपये, डिबेट कीजिए

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव अपने भाषणों में यहां तक कि विधान सभा में भी यह कहते दिखते थे कि जब मैं बिहार में नौकरी देने की बात करता था तो मुझसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूछते थे कि इसके लिए रुपया कहाँ से लाओगे? अब यही सवाल नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से किया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने पूछा है कि तेजस्वी ने कहा कि जो सरकार ने 3.5 लाख करोड़ का बजट दिया है, लेकिन आप लोग जिसकी घोषणा कर रहे हैं वह बजट से कई गुना ज्यादा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा किए गए कई बड़े वादे और घोषणाएँ राज्य के प्रस्तुत बजट (3,50,000 करोड़) से कहीं अधिक हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि इनका वित्तपोषण कैसे किया जाएगा।

# गाजियाबाद नगर निगम ने मनाया रेबीज दिवस 100 से अधिक श्वानों का किया गया टीकाकरण

## एंटी रेबीज वैक्सीनेशन के लिए जन-जन को किया जाए जागरूक -नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वर्ल्ड रेबीज दिवस के अवसर पर अभियान के रूप में श्वानों को रेबीज का टीका लगाया गया, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी, तथा पशु प्रेमियों के साथ मिलकर 100 से अधिक श्वानों को रेबीज का टीका लगाया गया, उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा प्रतिदिन श्वान का रजिस्ट्रेशन के क्रम में रेबीज के टीकाकरण की कार्यवाही भी पूर्ण की जा रही है वर्ल्ड रेबीज दिवस पर पांचों जोन में अभियान चला कर टीकाकरण किया गया।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा पशु प्रेमियों तथा आरडब्ल्यूए पदाधिकारी से शहर वासियों को रेबीज के प्रति जागरूक करने की अपील की गई, साथ ही टीम को भी जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। विशेष रूप से वसुंधरा तथा इंदिरापुरम क्षेत्र में रेबीज के प्रति जागरुक करते हुए टीकाकरण अभियान चलाया गया, निलाया ग्रीन, रामप्रस्थ तथा केडीपी ग्रैंड सवाना में रह वासियों के साथ मिलकर रेबीज की कार्यवाही की गई, नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर हित में श्वानों का रजिस्ट्रेशन तथा रेबीज टीकाकरण बहुत ही अनिवार्य है जिसके लिए शहर वासियों को जागरुक होकर अपने पालतू तथा



निराश्रित श्वान का टीकाकरण में सहयोग करना है।

# आत्मसमर्पण करें नक्सली, नहीं चलेगी एक भी गोली' अमित शाह ने ठुकराया संघर्ष विराम का प्रस्ताव



**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने एक बार फिर 31 मार्च 2026 तक भारत से नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने के अपने संकल्प पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने नक्सलियों के सीजफायर प्रस्ताव को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि अगर वे आत्मसमर्पण करना चाहते हैं तो सरकार उनका स्वागत करेगी, लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हथियार डालने पर एक भी गोली नहीं चलेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भारत में नक्सल को खत्म करने के अपने संकल्प को दोहराया। साथ ही जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार की सख्त नीति पर जोर दिया। शाह ने साफ शब्दों में कहा कि सरकार नक्सलियों के सीजफायर प्रस्ताव को खारिज करती है। उन्होंने कहा कि अगर नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं तो उनका स्वागत है, लेकिन कोई सीजफायर नहीं होगा।

अमित शाह ने कहा कि हाल ही में एक पत्र लिखकर भ्रम फैलाने की कोशिश की गई कि अब तक जो हुआ वह गलती थी और अब सीजफायर कर आत्मसमर्पण किया जाएगा। शाह ने कहा कि मैं साफ कहना चाहता हूं कि कोई सीजफायर नहीं होगा। अगर आत्मसमर्पण करना है तो हथियार डाल दें, एक भी गोली नहीं चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के लिए लाल कालीन बिछा है।

### वामपंथी दलों को भी लिया आड़े हाथ

बता दें कि शाह 'नक्सल मुक्त भारत' विषय पर आयोजित एक सेमिनार के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने वामपंथी दलों को भी आड़े हाथों लिया और कहा कि उन्होंने नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि नक्सलवाद विकास की कमी से नहीं, बल्कि 'लाल आतंक' के कारण फैला, जिसकी वजह से कई क्षेत्रों में दशकों तक विकास नहीं पहुंच पाया।

# एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स ने क्रिक माफिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में बनाई जगह



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा स्थित क्रिक जोन क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए संडे नाइट चैंपियन सीजन-2 के रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रिक माफि या को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

टॉस जीतकर एमएसआरटी के कप्तान मुनेश शर्मा ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी क्रिक माफि या की टीम ने तेज शुरूआत की और निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 208 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमएसआरटी वॉरियर्स ने दमदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 19वें ओवर में 213 रन बनाकर 5 विकेट शेष रहते जीत हासिल कर ली।

मैदान पर शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन अमित तिवारी, अनुराग, हिमांशु, रोहित ठाकुर और रजनीश ने किया।

अपने सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड खेल के लिए सोबिंदर को मैन ऑफ द मैच और बेहतरीन गेंदबाजी (2 विकेट) के लिए ओमदत्त शर्मा को बॉलर ऑफ द मैच चुना गया।

इस मौके पर क्रिक जोन क्रिकेट ग्राउंड के मालिक अनुराग कटियार ने विजेता टीम को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**गेंदबाजी प्रदर्शनः**
मुनेश शर्मा 23 रन देकर 1 विकेट
नीरज झा 28 रन देकर 1 विकेट
सोबिंदर नवाद 62 रन देकर 1 विकेट
जितेंद्र 1 विकेट

**बल्लेबाजी प्रदर्शनः**
नदीम 43 रन
रवि भाटी 19 रन
केडी नाबाद 11 रन

# श्री रामलीला समिति, राजनगर मैं सीता माता की खोज और विभीषण हनुमान संवाद का मंचन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री रामलीला समिति, राजनगर में अपने प्रभु राम के आदेश पर सीता जी की खोज करते हुए हनुमान जी समुद्र पार करके लंका पहुँचते हैं। उनका पता लगाते लगाते वह अशोक वाटिका में पहुँच कर माता सीता के आगे प्रभु राम की मुद्रिका गिराते हैं। लंका में उनकी भेंट राम भक्त विभीषण से होती है। रावण के दरबार में हनुमानजी का तीखा संवाद रावण के पुत्र अक्षय कुमार तथा रावण से होता है। रावण क्रोधित होकर हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है। दरबारियों के द्वारा जब उनकी पूंछ में आग लगाई जाती हैं तो लंका में ही आग लगाकर भाग आते हैं। मंचन के दौरान श्री राम के द्वारा हनुमान जी को माता सीता का पता लगानें के लंका लिए भेजा जाता हैं। वह कई बाधाओं को पार करके जब लंका पहुँचते हैं तो सबसे पहले लंकिनी फिर दूसरे राक्षस उनका रास्ता रोकते हैं। इसी दौरान विभीषण के भवन पर उनकी नजर पहुँचती है जिस पर राम नाम लिखा है और तुलसी के पौधे लगे हैं। विभीषण से मिलकर वह अपने आने का उद्देश्य बताते हैं ओर उनसे अशोक वाटिका का पता मिलने पर वहां जाते हैं। सीता माता को प्रभु राम की मुद्रिका देते हैं और फिर भूख लगने पर सीता जी से अनुमति लेकर खूब फल खाते हैं और वाटिका को उजाड़ देते हैं। जानकारी मिलने पर रावण दण्ड देता है। उनकी पूंछ में आग लगा दी जाती हैं। जिससें वह पूरी लंका को जला कर भस्म कर देते हैं। इस मौके पर समिति के संस्थापक एवं संरक्षक जितेन्द्र यादव तथा नरेश सिंघल, मुख्य संयोजक राकेश मिश्रा, अध्यक्ष जयकुमार गुप्ता, महामंत्री दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष आर के शर्मा, मेला प्रबंधक एस एन अग्रवाल, स्वागताध्यक्ष योगेश गोयल, मुख्य सलाहकार अनिल कुमार क्वालिटी स्टील वाले, राजीव मोहन गुप्ता, आर एन पाण्डेय, ब्रजमोहन सिंघल, राधेश्याम सिंघल, सुभाष शर्मा, आलोक मित्तल, अमरीश त्यागी, राजीव त्यागी, जी.पी. अग्रवाल, सुन्दर लाल यादव, मुकेश मित्तल, विनोद गोयल, राजीव गुप्ता, प्रचार मंत्री सौरभ गर्ग, दिनेश शर्मा, मोतीलाल गर्ग, देवेन्द्र गर्ग, मनीष वशिष्ठ, मदन लाल हरित, डीके गोयल, दीपक सिंघल, गोल्डी सहगल, ओमप्रकाश पोपली भोला, विजय लुम्बा, पंकज भारद्वाज, जेपी राणा, उषा गुप्ता, मंजू त्यागी, रेशमा मित्तल, प्रीति मित्तल सहित राजनगर के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राम वनगमन और राम-भरत मिलाप का भावपूर्ण मंचन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला के नौवें दिन रविवार की संध्या को राम वनगमन और राम-भरत मिलाप के प्रसंगों का हृदयस्पर्शी मंचन हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत राम वनगमन के प्रसंग से हुई, जब महाराज दशरथ के वचनों का पालन करते हुए श्रीराम वनगमन का संकल्प लेते हैं। राम, सीता और लक्ष्मण के वनप्रस्थान का दृश्य इतना मार्मिक था कि दर्शकगण भावविभोर होकर आँसू रोक न सके।

इसके बाद भरत मिलाप का अत्यंत भावुक दृश्य मंचित हुआ। चित्रकूट में श्रीराम और भरत के मिलन ने वातावरण को भक्ति और करुणा से सराबोर कर दिया। भरत का चरणों में गिरकर श्रीराम से अयोध्या लौटने का आग्रह और राम का वनवास धर्म का पालन करने का संकल्प झ इन दोनों प्रसंगों ने दर्शकों के हृदय को गहराई तक छू लिया।

समिति के चेयरमैन नरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि रामायण के ये प्रसंग त्याग, भक्ति और मयादा का अद्वितीय संदेश देते हैं, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्याय, बीना सेंगर, मनोज भारद्वाज, इंद्रपाल प्रधान, मनीष भारद्वाज और अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय प्रभारी ने अर्थला के लोगों की समस्याओं का किया समाधान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा ने अर्थला के लोगों की नाले की समस्या को सुना और तुरंत नगर निगम के अधिकारियों को फोन कर समस्या का समाधान कराया। इसके अलावा, उन्होंने नल का निर्माण और सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

हरिश्चंद्र शर्मा ने सब सफाई इंस्पेक्टर को फोन कर सफाई के निर्देश दिए, जिससे क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढ़ावा मिल सके। इससे पहले, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई विकास कार्यों की शुरूआत की है, जिसमें सड़कों का निर्माण और गड्ढों की मरम्मत शामिल है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हमेशा जनता की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने के लिए तैयार रहते हैं। उनके कार्यालय प्रभारी हरिश्चंद्र शर्मा भी जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हैं और उनका



समाधान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं।

# त्यौहारों से पहले पुलिस कार्यालयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान




## एडिशनल सीपी व एडीसीपी क्राइम ने दिया श्रमदान

**करंट क्राइम ।** एडिशनल सीपी केशव चौधरी ने मुख्यालय/अपराध शाखा परिसर में विशेष सफाई अभियान का नेतृत्व किया। एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने लोहियानगर स्थित कार्यालय में पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर साफ-सफाई की। दोनों अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ कार्यस्थल से कार्य करने की ऊर्जा बढ़ती है और टीम में सकारात्मक माहौल बनता है।



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में रविवार को त्यौहारों के मद्देनजर बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सीपी जे रविन्दर गौड के निर्देश पर सभी पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने कार्यालयों में एक टीम की तरह जुटे और साफ-सफाई कर कार्यस्थल को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण देने का संकल्प लिया।

**पुलिस का संदेश :** एडिशनल सीपी केशव चौधरी का कहना है कि स्वच्छ और स्वस्थ कार्यस्थल ही कार्यकुशलता और सकारात्मक माहौल की आधारशिला है। साथ ही पुलिसकर्मियों को रोजाना सफाई की आदत बनाए रखने और गंदगी से दूर रहने के निर्देश भी दिए गए।

## डीसीपी ने दिलवाया स्वच्छता संकल्प

**करंट क्राइम ।** डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने मोहननगर कार्यालय में पुलिस टीम के साथ मिलकर सफाई की। तो डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने मुरादनगर कार्यालय परिसर को साफ-सुथरा बनाने का अभियान चलाया। वही डीसीपी सिटी धवल जायसवाल के जोन में भी यह अभियान चला।अधिकारियों ने टीम भावना के साथ स्वच्छता को पुलिस की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने पर जोर दिया।

**पुलिस कर्मियों को ट्रेनिंग के दौरान और अलग-अलग स्तर पर इस तरीके के कार्य करने का निर्देश दिया जाता है ताकि वह स्वच्छ रहे और साफ सफाई पर फोकस रखें।**



जे रविंदर गौड, पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद

# शताब्दी वर्ष में प्रवेश करेगा आरएसएस गाजियाबाद से हुई कार्यक्रमों की घोषणा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विजयादशमी 2025 से अपने शताब्दी वर्ष (2025-26) में प्रवेश कर रहा है। यह अवसर केवल संघ का उत्सव नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के लिए नवचेतना, आत्ममंथन और दृढ़ संकल्प का ऐतिहासिक क्षण है।

आज विद्या मंदिर गाज़ियाबाद में आयोजित प्रेस वार्ता में विभाग अखिलेश, कार्यवाह देवेंद्र प्रताप और मा. विभाग संघचालक कैलाश मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की व्यवस्था में अनेक स्वयंसेवक बंधु भी जुड़े रहे। वक्ताओं ने कहा कि शताब्दी वर्ष का उद्देश्य समरस, सशक्त और संगठित भारत के निर्माण के लिए समाज में नई ऊर्जा और जागरण फैलाना है।

**इस अवसर पर पंच परिवर्तन अभियान :** स्व-अनुशासन, कुटुंब-प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण को शताब्दी वर्ष की आत्मा बताया गया।

### घोषित कार्यक्रम

- **पथ संचलन :** 28 सितम्बर, 2 अक्टूबर (विजयादशमी) व 5 अक्टूबर 2025
- **गृह संपर्क अभियान :** 1 से 30 नवम्बर 2025
- **हिंदू सम्मेलन :** 11 जनवरी से 15 फरवरी 2026
- **प्रमुख जनों की गोष्ठी :** जिला/नगर स्तर।
- **सद्भाव बैठक :** अप्रैल 2026
- **युवा सम्मेलन :** 15 अगस्त से 17 सितम्बर 2026
- **अधिकतम शाखा अभियान :** 27 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि इन कार्यक्रमों से समाज के हर वर्ग में अनुशासन, संगठन शक्ति और राष्ट्रहित सर्वोपरि की भावना को जागृत करने का प्रयास किया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा माता के जागरण में हुए शामिल




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन दयानंद पार्क आवासीय विकास समिति द्वारा आयोजित द्वितीय विशाल माता की चौकी एवं डांडिया कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने माता की आराधना में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दयानंद पार्क आवासीय विकास समिति की पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपनी सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने में मदद की। समिति के पदाधिकारियों में अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, राजन कुमार, उमेद भंडारी और सुमन झा शामिल थे। इसके अलावा महासचिव नवनीत भारती, सहसचिव रजत रंजन श्रीवास्तव और रविंद्र जैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मातृशक्ति संयोजिका डिंपल चौधरी और सहसंयोजक प्रीति शर्मा ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में मातृशक्ति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में मदद की।

## गाजियाबाद में संकल्पसिद्धि फाउंडेशन द्वारा चतुर्थ दुर्गा पूजनोत्सव 2025 का आयोजन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** संकल्पसिद्धि फाउंडेशन द्वारा आयोजित चतुर्थ दुर्गा पूजनोत्सव 2025 में नवरात्रि के सप्तम दिन माता दुर्गा के छठवें स्वरूप माता कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा सम्पन्न हुई। परंपरागत रीति के अनुसार बेलनौती की रस्म का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर संकल्पसिद्धि फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री राजीव झा, भाजपा महानगर मंत्री श्री संजीव झा, पूर्व पार्षद श्री संजीव त्यागी, समाजसेवी श्रीमती निधि विश्वकर्मा, तथा वरिष्ठ सदस्य श्री सतेन्द्र श्रीवास्तव, कैप्टन गोपाल सिंह, बिंदु शेखर, गिरीश ठाकुर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत की। हर वर्ष की भांति इस बार भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व सेल्फी प्वाइंट, जिसे समाजसेवी निधि विश्वकर्मा, अदिति झा, अर्शिया झा, दृष्टि एवं दीपक द्वारा सजाया गया। यहाँ श्रद्धालु फोटो खिंचवाकर वीर सैनिकों के सम्मान का संदेश देते नजर आए। संध्या आरती के बाद आयोजित भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक शिव तंत्राज ने अपनी भजनों की प्रस्तुति दी, जिनका साथ तबला वादक अमरेंद्र कुमार ने दिया। उनके मधुर स्वरों ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में राज नगर की विभिन्न सोसाइटियों के बच्चों एवं महिलाओं ने नृत्य और गीतों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने तालियों और उत्साह के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# सांसद अतुल गर्ग ने किया सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** सांसद खेल महोत्सव का आगाज रविवार को साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के डीपीएस पब्लिक स्कूल, वसुंधरा सेक्टर-9 से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ गाज़ियाबाद के सांसद अतुल गर्ग ने वॉलीबॉल और बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं से किया। उन्होंने खिलाड़ियों को गुलाब भेंटकर उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और गाज़ियाबाद लोकसभा के संयोजक पप्पू पहलवान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आयोजन में विधानसभा स्तर पर संयोजक अनिल शर्मा और सह-संयोजक पंडित ऋषभ शर्मा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। खेल महोत्सव में वॉलीबॉल की 18 और बास्केटबॉल की 20 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा की गई। खेलों के बीच उपस्थित लोगों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लमन की बातह्व कार्यक्रम का प्रसारण भी सुना। महोत्सव में क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति व पार्षद मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से सत्येंद्र चौधरी, राहुल शर्मा, श्याम शर्मा, प्रतीक माथुर, बलप्रीत सिंह, हरमीत बक्शी, कार्तिक शर्मा, अनुराग मिश्रा, निशी त्यागी, रिचा शर्मा, बलराम त्यागी, मोनिका गुप्ता, मंजू श्रीवास्तव, सुधा शुक्ला, पुनीत, बबीता मित्तल, सीता वर्मा, पूनम पांडे, हरीश गौर, राजेंद्र, सुभाष, राज जैन, सुमन सती, अनीता राणा, सीमा सिंह, अंजू घनशाला, निशा, आशा पवार आदि शामिल रहे।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती मनाई



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** स्वरुप पार्क स्थित लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट द्वारा ज्ञानपीठ केन्द्र 1, में क्रान्तिकारी शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती समारोह शोषण मुक्त दिवस के रूप में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद समाजवादी विचारक राम दुलार यादव रहे, अध्यक्षता प्रख्यात लेखक अमर जीत सिंह कलिंगा ने की, संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्र ने किया और मुख्य अतिथि डा0 विशन लाल गौड़ रहे। आयोजन इंजी धीरेन्द्र यादव ने किया। शिक्षाविद राम दुलार यादव ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह बाल्यकाल से ही शोषण, अन्याय, पाखंड, रुढ़िवाद और कुरीतियों के घोर विरोधी थे। उन्होंने अपने क्रान्तिकारी साथियों के साथ लगातार संघर्ष करते हुए ब्रिटिश असेम्बली में बम धमाका कर दिया और गिरफ्तार हुए। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि वे अपने जीवन में शहीदे आजम भगत सिंह के विचारों को अपनाएं और शोषण और अन्याय मुक्त समाज बनाने के लिए काम करें।

उन्होंने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह के सपनों का भारत बने, हमें ईमानदारी और नैतिक आचरण से शोषण और अन्याय मुक्त देश बनाने के लिए संकल्प लेना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेन्द्र यादव एडवोकेट ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में ब्रिटिश गुलामी से भारत को मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। उन्होंने कहा कि आज लोकतंत्र, संविधान खतरे में है और हमें शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए और उनके विचारों से प्रेरणा लेकर देश, समाज और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल हुए गणमान्य लोगों ने शहीदे आजम भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी।

## शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर खिराज-ए-अकीदत



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानी शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती (28 सितम्बर) पर जस्सीपुरा स्थित पार्षद कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व पार्षद व नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य मौ. जाकिर अली सैफी ने किया। मौ. जाकिर अली सैफी ने कहा कि शहीद भगत सिंह का बलिदान युवाओं के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने अपनी वैचारिक क्रांति और साहस से दिखा दिया था कि आदमी को मारा जा सकता है, विचारों को नहीं। आज के समय में भी उनकी सोच देशभक्ति और देशसेवा की राह दिखाती है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उपस्थित लोगों में रमीज राजा, सैयद समीर, शाहनवाज खान, कपिल शर्मा, विनायक खन्ना, प्रदीप सिंह, साजिद चौधरी, शाहरुख सैफी, साबिर सैफी, हनीफ मलिक, नौमान सैफी, महराज, नासिर चौधरी, राजीव बत्रा, वसीम कुरैशी, फैसल, शाकिर, वाहिद, मोमिन, जाकिर मलिक, शादाब चौधरी, समीर सलमानी, अंकुश शर्मा, साजिद अहमद, शौकत अली, शकील सैफी, सब्बीर सैफी, इनायत अली, सब्बीर, शौकीन, जाहिद चौधरी, साजिद, शदाब चौधरी, आकरम कुरैशी, मुस्तफा कुरैशी, सोनू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।




## जल्द बदला-बदला नजर आएगा लाइन का द्वार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कार्यालय से लेकर अधिकारियों के आवास और पुलिस लाइन से लेकर पुलिस ऑफिस के रंग, रूप और स्ट्रक्चर को बदला जा रहा है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाला मुख्य कार्यालय अब जहां दिनों रात चमकता है। तो वही यहां जिस तरीके से फरियादियों के साथ व्यवहार और उनको ठंडा पानी, पेठा और बैठने के लिए कुर्सी मुहैया कराई जा रही है ,उसकी तारीफ लखनऊ तक होनी शुरू हो गई है। उधर पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस लाइन के गेट को लखनऊ वाली पुलिस लाइन से भी आधुनिक और स्टाइलिश बनाने के लिए काम शुरू हो गया है। आने वाले 15 दिनों में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की लाइन का द्वार दूर से ही नजर आएगा। बताया जा रहा है यह बेहद भव्य होने के साथ ही लाइटिंग से जगमग होगा। इसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद इंग्लिश और हिंदी दोनों भाषा में लिखा होगा। तो इसका रंग भी बेहद सुंदर लगेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के मुख्य ऑफिस में जो कैफेटेरिया बनाया गया था उसकी भी टीआरपी कम नहीं हो रही है। पुलिस के कर्मचारी अधिकारी वहां कई बार तनाव कम करने और मीटिंग के स्ट्रेस को दूर करने के लिए बैठते हैं। जहां कड़क चाय तो ब्लैक कॉफी का भी वह आनंद ले रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए साहब के आने के बाद जहां पुलिस की छवि सुधारी जा रही है। तो वही कार्य स्थल और कार्यालय का भी माहौल बदलने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। उसी कड़ी का नजारा है कि पुलिस लाइन का गेट बहुत जल्द बदला हुआ नजर आएगा। कहा जा रहा है कि बाहर का नजारा बदलने के साथ ही अंदर भी कई तरीके के काम हो रहे हैं। कैंटीन का कायाकल्प हो रहा है,तो अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरुस्त करने की फाइलों पर चर्चा शुरू हो गई। कुल मिलाकर कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलती हुई नजर आ रही है।




# मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत 'शक्ति खेल स्पर्धा' का भव्य आयोजन



## प्रतियोगिताओं में 100, 200 व 400 मीटर दौड़, खो-खो और कबड्डी का आयोजन हुआ

- **जूनियर वर्ग :** 100 मीटर में ऊद्धर गोविंदपुरम, 200 मीटर में एम.बी. गर्ल्स गाज़ियाबाद, 400 मीटर में लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज मोरटा प्रथम रहे।
- **सीनियर वर्ग :** 100 मीटर में राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम, जबकि 200 व 400 मीटर की दौड़ में लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज मोरटा ने बाजी मारी।
- **कबड्डी :** जूनियर व सीनियर दोनों वर्गों में श्री गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज लोहिया नगर विजेता रहा।
- **खो-खो :** जूनियर वर्ग में प्राइमरी विद्यालय सिकरौड़ा, सीनियर वर्ग में लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज मोरटा प्रथम स्थान पर रहा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत 'शक्ति खेल स्पर्धा' का आयोजन रविवार को महामाया स्टेडियम, गाज़ियाबाद में हुआ। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा के विभिन्न विद्यालयों से आईं 1285 से अधिक छात्राओं ने खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख राजापुर के जनप्रतिनिधि राहुल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मेंद्र शर्मा, एसीपी दिनेश त्रिपाठी, खेल प्रभारी अभिषेक कुमार, प्रधानाचार्य जयसिंह यादव, प्रधानाध्यापिका तनुजा शर्मा, खेल शिक्षक विक्रम सिंह, संजीव शर्मा, हरिश, सरिता यादव व रेखा रानी की उपस्थिति में किया गया। इस खेल महोत्सव में गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज, एम.बी. गर्ल्स, सेंट थॉमस साहिबाबाद, लोकमान्य तिलक जनता इंटर कॉलेज मोरटा, सुशीला इंटर कॉलेज, नगर निगम बालिका इंटर कॉलेज मकनपुर, राजकीय इंटर कॉलेज नंदग्राम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज विजयनगर, एम.एम.एच. बालिका इंटर कॉलेज, कन्या वैदिक इंटर कॉलेज, बाल भारती इंटर कॉलेज ब्रिज विहार, राजकीय हाई स्कूल नूरपुर, जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज मुरादनगर समेत कई विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

# गोल पार्क रामलीला : विवाह, वनवास और कन्यादान में उमड़ा जनसैलाब




**गाजियाबाद/साहिबाबाद।** रामलीला मैदान, गोल पार्क में आयोजित रामलीला के मंचन ने इस बार दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्री राम सीता विवाह, कन्यादान, कैकेयी का कोपभवन और राम वनवास की अति सुंदर लीलाओं का मंचन हुआ, जिसे देखने के लिए रात 12 :30 बजे तक हजारों की संख्या में रामभक्त डटे रहे।

आदर्श बृजवासी विप्र रामलीला एवं कृष्ण लीला मंडल मथुरा के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। मनोज पंडित के दिशा निर्देशन में हुए मंचन में अभिषेक शर्मा (श्रीराम), यश शर्मा (लक्ष्मण), मनीषा (जानकी), कन्हैया गोस्वामी (कैकेयी) एवं भीम सिंह (दशरथ) के किरदारों ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

**कन्यादान पर उमड़ी भक्तों की भीड़ :** लीला का सबसे भावुक क्षण तब आया जब राम-सीता का कन्यादान हुआ। इस दौरान पूरे मैदान में मौजूद हजारों की संख्या में राम भक्त 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए मंच तक पहुँचे और कन्यादान की रस्म में हिस्सा लिया। यह दृश्य रामलीला के प्रति लोगों की अपार आस्था को दर्शाता है।

**मुख्य आकर्षण और अतिथि :** रामलीला के मुख्य संयोजक एसपी सिंह ने बताया कि कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति लोगों को आकर्षित कर रही है। रामलीला स्थल पर छोटे-बड़े झूले और चटपटे स्टॉल भी दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे, जहाँ लोगों ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद श्वेता कुमारी यादव एवं साहिबाबाद थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

रामलीला को सफल बनाने में अध्यक्ष रमाकांत पांडे, महामंत्री रामजी झा सहित समिति के सदस्य सत्येंद्र परिहार, राकेश सूद, सुरेंद्र भारती, के के दुबे, धर्मेंद्र दुबे, राजेश शर्मा, कुसुम सिंह, सोनू मिश्रा, चंदन झा, भूपेंद्र मेहता, ललित मिश्रा, संजय सिंह, गंगा सिंह, नादिर अली, अजय कुमार, दिलीप गुप्ता और कन्हैया सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारियाँ निभा रहे हैं।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू व्यक्तित्व में भी सरल हैं और व्यवहार में भी सरल हैं। सहजता और शालीनता उनके लहजे में है। अपने जन्मदिन का केक उन्होंने अपनी धर्मपत्नी के साथ मिलकर काटा। पूरे परिवार ने, मित्रों ने, समर्थकों ने, शुभचिंतकों ने उनके जन्मदिन पर लंबी आयु और यशस्वी जीवन की कामना की। सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने अपने जन्मदिन पर इस खुशी को फेसबुक पोस्ट पर साझा किया उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जयशंकर ने यूएन प्रमुख गुटेरेस समेत कई वैश्विक नेताओं से की मुलाकात, भू-राजनीतिक स्थिति और सहयोग पर चर्चा

**न्यूयॉर्क ।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 80वें सत्र के दौरान कई अंतरराष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात की। इनमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी शामिल हैं। इन बैठकों में उन्होंने भू-राजनीतिक हालात और सहयोग पर चर्चा की।



जयशंकर ने अल्जीरिया के विदेश मंत्री अहमद अत्ताफ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत और अल्जीरिया की साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर भी अपने विचार साझा किए। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा, अल्जीरिया के विदेश मंत्री अत्ताफ से मिलकर अच्छा लगा। साझेदारी मजबूत करने और पश्चिम एशिया पर चर्चा की।

उन्होंने सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान से भी मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आपसी सहयोग और क्षेत्रीय स्थिति पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यूएनजीए में सऊदी विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान से मुलाकात की। द्विपक्षीय सहयोग और क्षेत्र स्थिति पर चर्चा हुई। इन द्विपक्षीय बैठकों के अलावा जयशंकरने संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटेरेस से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा, आज न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। यूएनजीए, यूएन एट 80, वैश्विक राजनीतिक, मौजूदा संकट और भारत के नजरिए पर चर्चा की। विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएनजीए की अध्यक्ष अन्नालेना बेयरबॉक से भी मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, यूएनजीए की अध्यक्ष अन्नालेना बेयरबॉक से मिलकर खुशी हुई। भारत उनकी अध्यक्षता के लिए पूरा समर्थन देगा। भारत संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर उसे समय के अनुसार प्रासंगिक और प्रभावी बनाने की दिशा में काम करता रहेगा। यूएन में क्या बोले जयशंकर दिन की शुरूआत में जयशंकर ने यूएनजीए के 80वें सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा अपना स्वतंत्र दृष्टिकोण बनाए रखेगा और वैश्विक दक्षिण यानी विकासशील देशों की आवाज बना रहेगा। उन्होंने कहा, भारत आज की दुनिया का सामना तीन प्रमुख सिद्धांतों के साथ करता है। पहला- आत्मनिर्भरता। दूसरा आत्मरक्षा- हम अपने लोगों की सुरक्षा और हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वो देश के भीतर हों या बाहर। इसका मतलब आतंकवाद के खिलाफ सख्त रुख, सीमाओं की रक्षा, वैश्विक साझेदारियां और प्रवासी भारतीयों की मदद है। और तीसरा- आत्मविश्वास। इसका मतलब है कि भारत अपनी स्वतंत्र सोच बनाए रखेगा और वैश्विक दक्षिण की आवाज बना रहेगा।

## दुनियाभर के पेशेवरों को कनाडा बुलाएंगे पीएम कार्नी !



**ओटावा ।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से एच-1बी वीजा की फीस 1 लाख डॉलर करने के चलते कई स्किल्ड वर्कर्स (कुशल श्रमिक) का वहां जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में कनाडा इस हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है। कनाडाई पीएम मार्क कार्नी ने शनिवार को लंदन में पत्रकारों से कहा कि वह अमेरिका में काम करने वाले टेक्नोलॉजी सेक्टर के उन लोगों को कनाडा बुलाना चाहते हैं, जो अब वीजा फीस बढ़ने से मुश्किल में पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार अपनी आव्रजन नीति की समीक्षा कर रही है और ऐसे कुशल लोगों को अपने यहां बुलाने की योजना बना रही है।

# जयशंकर ने बिना नाम लिए दिया भाषण पाकिस्तान की प्रतिक्रिया आतंकवाद की स्वीकारोक्ति, भारत का पलटवार

**संयुक्त राष्ट्र ।** भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में आतंकवाद पर की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देने को लेकर पाकिस्तान पर हमला किया है। भारत ने कहा कि जयशंकर ने अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम भी नहीं लिया। फिर उसकी प्रतिक्रिया दशार्ती है कि उसने खुद मान लिया है कि वह लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा है। जयशंकर ने शनिवार को यूएनजीए की आम चर्चा में अपने संबोधन में कहा था, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हुए कई बड़े आतंकी हमलों की जड़ें एक ही देश से जुड़ी होती हैं। वैश्विक आतंकवाद का केंद्र बने पड़ोसी देश का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने आजादी के बाद से ही आतंकवाद की चुनौती की सामना किया है। विदेश मंत्री के भाषण के बाद पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने 'राइट टू रिप्लाई' के तहत आरोप लगाया कि आतंकवाद को लेकर भारत के आरोप 'झूठे और दुर्भावनापूर्ण' हैं।



जबकि जयशंकर ने अपने भाषण में पाकिस्तान का नाम भी नहीं लिया था। पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि भारत कई बार झूठ दोहराकर पाकिस्तान की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। 'पाकिस्तान केवल पड़ोसियों के लिए ही नहीं, दुनिया के लिए खतरा' इसके जवाब में भारत ने कहा, यह बहुत कुछ कहता है कि एक ऐसा पड़ोसी, जिसका नाम तक नहीं लिया गया, फिर जवाब देकर मानता है कि वह वर्षों से सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देता आया है। भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के द्वितीय सचिव रेंतला श्रीनिवास ने कहा, पाकिस्तान की छवि खुद उसके बारे में काफी कुछ कहती है। दुनिया के कई हिस्सों में आतंकवाद को लेकर उसकी पहचान साफ तौर पर देखी जा सकती है। वह न केवल अपने पड़ोसियों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक खतरा है। 'आतंकिस्तान के अपराधों को नहीं छिपा सकता कोई तर्क' उन्होंने आगे कहा, कोई भी तर्क या झूठ आतंकिस्तान (टेररिस्तान) के अपराधों को छिपा नहीं सकता। पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने एक बार फिर जवाब देने के लिए मंच लिया। लेकिन जब वह बोलने लगे तो श्रीनिवास हॉल से बाहर निकल गए। जयशंकर ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर साधा निशाना जयशंकर ने अपने संबोधन में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे ऐसे देशों की निंदा करें, जो खुलेआम आतंकवाद को अपनी सरकारी नीति के रूप में अपनाते हैं, जहां बड़े पैमाने पर आतंकी प्रशिक्षण शिविर चलते हैं।

# यूक्रेन का दावा- रूस ने कीव पर बड़े पैमाने पर दागे ड्रोन और मिसाइल, चार की मौत, 10 घायल

**कीव ।** यूक्रेन की राजधानी कीव पर रविवार तड़के रूस ने बड़े पैमाने पर ड्रोन और मिसाइल हमला किया। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 12 साल की एक बच्ची भी शामिल है। यह हमला पिछले महीने हुए उस बड़े हमले के बाद हुआ है, जिसमें कीव में 21 लोगों की मौत हुई थी।



### अधिकारियों ने बताया हमले का हाल

कीव सिटी एडमिनिस्ट्रेशन के प्रमुख तिमुर त्काचेंको ने टेलीग्राम पर जानकारी दी कि यह हमला नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर किया गया। उन्होंने लिखा, 'रूसियों ने बच्चों की मौत का काउंटर फिर से चालू कर दिया है।' इस हमले के बाद राजधानी में कई जगहों से काले धुएं के गुबार उठते देखे गए। वहीं कीव के मेयर विताली क्लिचको के मुताबिक, हमलों में आवासीय इमारतें, नागरिक सुविधाएं, एक अस्पताल, एक नर्सरी स्कूल को निशाना बनाया गया। इसके साथ ही 20 से ज्यादा जगहों पर भारी नुकसान की खबर है।

लोगों में दहशत का माहौल कीव के केंद्रीय रेलवे स्टेशन पर लोग एंटी-एयरक्राफ्ट गन की गोलियों की आवाज और ड्रोन की आवाजों के बीच पहुंचे। इसमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे प्लेटफॉर्म के अंडरपास में चुपचाप इंतजार करते रहे। वहीं कई माता-पिता अपने मोबाइल फोन पर खबरें देखते रहे जबकि बच्चे ऑनलाइन गेम्स खेलते रहे। एक महिला एरिका ने कहा, 'आसमान फिर से काला हो गया है। यह अब बहुत बार हो रहा है। हमले के बाद फैला मलबा इस हमले के बाद एक बहुमंजिला इमारत, जिसे ड्रोन ने निशाना बनाया था, पूरी तरह ध्वस्त हो गई। ऊपरी मंजिलें बुरी तरह टूटी-फूटी, खिड़कियां टूटकर बिखरीं, सड़क किनारे कांच के ढेर जमा हो गए। दमकलकर्मी सीढ़ीदार ट्रक के सहारे मलबा हटाते दिखे।

### यूक्रेन का जवाब, पोलैंड की प्रतिक्रिया

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रेई सिबिहा ने कहा कि यह हमला सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल करके किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा।

'हमें रूस को और उकसाने की कीमत बहुत महंगी बनानी होगी।' इस हमले का असर पड़ोसी देश पोलैंड तक पहुंचा। रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में निशाना साधा तो पोलैंड ने फाइटर जेट्स तैनात किए। हालांकि पोलिश सेना ने इसे रक्षात्मक और एहतियाती कदम बताया।

# यूएस नहीं चीन है पाकिस्तान का रणनीतिक भविष्य ट्रंप की शहबाज-मुनीर से मुलाकात के बाद ख्वाजा आसिफ

**यूएस ।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि वो अपने मुल्क का "रणनीतिक भविष्य" अमेरिका नहीं बल्कि चीन के साथ देखते हैं। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण चीन का भरोसेमंद होना है, जैसा अमेरिका के साथ नहीं है।



खास बात यह है कि ख्वाजा आसिफ का यह बयान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात के अगले ही दिन आया है। ख्वाजा आसिफ ने यह बात ब्रिटिश-अमेरिकी पत्रकार मेहदी हसन को दिए एक इंटरव्यू में कही। पत्रकार हसन ने ख्वाजा आसिफ से पूछा था कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान ने अपने 80 प्रतिशत हथियार चीन से लिए हैं, ऐसे में अमेरिका के साथ दोस्ती क्या चीन के साथ संबंधों को खराब कर सकती है। आसिफ ने कहा कि चीन बहुत भरोसेमंद साथी है, उन्होंने हमें पनडुब्बियां और जेएफ-17 जैसे लड़ाकू विमान दिए हैं, चीन के साथ हमारा रक्षा सहयोग बढ़ रहा है।

अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा "लेन-देन" जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने "हां" कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं।

इंटरव्यू में आसिफ कई बार बेहद असहज दिखे। जब उनसे सवाल पूछा गया कि पाकिस्तान में असली ताकत राजनीतिक नेतृत्व के पास है या सेना प्रमुख आसिम मुनीर के पास, आसिफ हिचकिचाते हुए दिखाई दिए। इस सवाल पर कि क्या सेना प्रमुख उनसे ताकतवर हैं, आसिफ ने सवाल को यह कह कर टालने की कोशिश की कि ऐसा नहीं है, हालांकि दोबारा पूछने पर उन्होंने कहा कि वो एक राजनीतिक नियुक्ति हैं। साफ है कि आसिफ ने कड़े सवालों से बचने की कोशिश की। अमेरिका को लुभाने में जुटे शरीफ और मुनीर खास बात यह है कि पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख आसिम मुनीर डोनाल्ड ट्रंप को लुभाने में जुटे हैं।

## जेन जी आंदोलन के लिए घुसपैठिए जिम्मेदार



**काठमांडो ।** नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को एक बार फिर से सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा कि उन्होंने जेन जी प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया। ओली ने भक्तपुर जिले के गुंडू क्षेत्र में अपने निजी आवास पर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, प्रदर्शनकारियों पर ऑटोमेटिक बंदूकों से गोलियां चलाई गईं, जो पुलिस के पास नहीं थीं, और मामले की जांच की मांग की। उन्होंने बताया कि जेन जी प्रदर्शनकारियों के नाम पर हुई आगजनी और तोड़फोड़ में बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई। उन्होंने घुसपैठियों को देश की स्थिति बिगाड़ने का जिम्मेदार ठहराया।

# महंगाई से त्रस्त ईरान पर यूएन के प्रतिबंध लागू बंद हुए हथियार सौदे और फ्रीज हुई संपत्तियां

**दुबई ।** संयुक्त राष्ट्र ने ईरान पर परमाणु कार्यक्रम को लेकर फिर से प्रतिबंध लगा दिए हैं। ये प्रतिबंध रविवार रात (स्थानीय समयानुसार) से लागू हो गए। संयुक्त राष्ट्र के इस कदम से इस्लामी गणराज्य पर और दबाव बढ़ गया है, क्योंकि उसके लोग जीवित रहने के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों और अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। इन प्रतिबंधों के तहत विदेशों में ईरानी संपत्तियों को फिर से फ्रीज किया जाएगा, हथियार सौदों पर रोक लगाई जाएगी, और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर भी रोक लगा दी जाएगी। इसके अलावा अन्य उपाय भी किए जाएंगे। यह कार्रवाई 'स्नैपबैक' नामक व्यवस्था के तहत हुई है, जो विश्व शक्तियों के साथ ईरान के 2015 के परमाणु समझौते में शामिल थी। ईरान के लोगों को फिर लड़ाई भड़कने की सता रही चिंता पहले से कमजोर ईरानी अर्थव्यवस्था पर इसका बड़ा असर पड़ा है। ईरान की रियाल मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और खाने-पीने की चीजों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। मांस, चावल और दूसरी चीजें आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। वहीं, लोगों को डर है कि ईरान और इस्राइल व अमेरिका के बीच फिर से लड़ाई भड़क सकती है, क्योंकि जून में 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान जिन मिसाइल ठिकानों पर हमला किया गया था, अब उनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकताओं को अंदरूनी दमन बढ़ने की आशंका मानवाधिकार कार्यकताओं को आशंका है। कि ईरान सरकार अंदरूनी दमन और बढ़ा सकती है। रिपोर्टों के मुताबिक, इस साल ईरान में फांसी की सजा पाना पिछले 30 वर्षों से ज्यादा हो गया है।



## उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में आया 5.4 तीव्रता का भूकंप, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

**इस्तांबुल ।** उत्तर-पश्चिमी तुर्किये में रविवार को एक शक्तिशाली भूकंप आया है। जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.4 मापी गई है। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। आपात सेवाओं के अनुसार किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

आपातकालीन एजेंसी एएफएडी ने बताया कि 5.4 तीव्रता का भूकंप कुटाह्या प्रांत के सिमाव शहर में आठ किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप दोपहर 12.59 बजे (09.59 जीएमटी) आया और उसके बाद 4.0 तीव्रता का एक और भूकंप आया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, भूकंप के झटके तुर्किये के सबसे बड़े शहर इस्तांबुल में भी महसूस किए गए। उत्तर में लगभग 100 किलोमीटर दूर है।

वायरल हो रही टीवी फुटेज में देखा जा सकता है कि कुटाह्या में लोग झटकों के बाद पार्कों और चौराहों पर इकट्ठा हो गए। इससे पहले अगस्त में पास के बलिकेसिर प्रांत के सिंदिरगी इलाके में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। इस क्षेत्र में पिछले कुछ समय से लगातार भूकंप की झटके आ रहे हैं।




तुर्किये प्रमुख भूकंपीय दरार रेखाओं पर बसा है और यहां भूकंप अक्सर आते रहते हैं। साल 2023 में 7.8 तीव्रता के भूकंप ने तुर्किये में भारी तबाही मचाई थी। इसमें 53,000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और 11 दक्षिणी व दक्षिण-पूर्वी प्रांतों में लाखों इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हो गई थीं। पड़ोसी सीरिया के उत्तरी हिस्सों में भी 6,000 लोगों की जान गई थी।

# पुतिन बोले- भारत बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश, स्वतंत्र-संप्रभु नीति अपना रहा

**रूस ।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हाल ही में फोन पर बातचीत की और भारत-रूस संबंधों की मजबूती को दोहराया। पुतिन ने मोदी सरकार की उपलब्धियों और भारत की तेज आर्थिक वृद्धि की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश है।



क्रेमलिन की वेबसाइट ने पिछले सप्ताह मोदी और पुतिन के बीच हुई बातचीत की जानकारी दी है। इस दौरान पुतिन ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी तरह स्वतंत्र और संप्रभु नीति अपना रहा है और सबसे अहम बात यह है कि वह अर्थव्यवस्था में बेहद अच्छे नतीजे हासिल कर रहा है। यह बातचीत पुतिन की ओर से पीएम मोदी के 75वें जन्मदिन पर बधाई संदेश भेजने के कुछ दिन बाद हुई।

अमेरिका व अन्य देशों के साथ ऐसा नहीं हो रहा है क्योंकि वे गैर-भरोसेमंद हैं। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान और अमेरिका के संबंध हमेशा "लेन-देन" जैसे रहे हैं, जबकि पाकिस्तान ने चीन को सदैव शीर्ष सहयोगी माना है। पत्रकार ने आसिफ से दोबारा पूछा कि क्या आपका रणनीतिक भविष्य चीन के साथ माना जाए। जवाब में आसिफ ने "हां" कहते हुए जोड़ा कि चीन हमारा पड़ोसी है, हम एक दूसरे से सीमाएं और भूगोल साझा करते हैं।

### पीएम मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना की

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने मोदी के व्यक्तिगत योगदान की सराहना करते हुए कहा कि भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को मजबूत बनाने और आपसी सहयोग बढ़ाने में भारतीय पीएम ने अहम भूमिका निभाई है। पुतिन ने भरोसा जताया कि भारत और रूस क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर रचनात्मक संवाद जारी रखेंगे।

# कृषि मंत्री को चीन मृत्युदंड भ्रष्टाचार के आरोप में दो साल की छूट मिली

**बीजिंग ।** चीन के पूर्व कृषि मंत्री तांग रेनजियान को 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 268 मिलियन युआन) की रिश्वत लेने के मामले में रविवार को मौत की सजा सुनाई गई। तांग के पास ग्रामीण मामलों के विभाग का भी प्रभार था। चांगचुन (जिलिन प्रांत) की मध्यवर्ती जन अदालत ने मृत्युदंड के एलान के साथ उन्हें दो साल की सशर्त राहत भी दी है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि तांग को आजीवन राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया जाएगा। उनकी निजी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। रिश्वत से अर्जित अवैध धन राष्ट्रीय कोष में जमा कराया जाएगा।



पदों के दुरुपयोग का आरोप अदालत के अनुसार, 2007 से 2024 के बीच तांग ने केंद्र और स्थानीय स्तर पर अपने विभिन्न पदों का दुरुपयोग करते हुए व्यावसायिक संचालन, परियोजना ठेके और नौकरी में समायोजन जैसे मामलों में अन्य लोगों को लाभ पहुंचाया। इसके बदले उन्होंने पैसों के अलावा और कीमती वस्तुएं भी जमा कीं। अदालत ने माना कि उनके अपराधों ने राज्य और जनता के हितों को गंभीर क्षति पहुंचाई है, इसलिए उन्हें मृत्युदंड मिलना चाहिए। यह कार्रवाई 'स्नैपबैक' नामक व्यवस्था के तहत हुई है, जो विश्व शक्तियों के साथ ईरान के 2015 के परमाणु समझौते में शामिल थी। ईरान के लोगों को फिर लड़ाई भड़कने की सता रही चिंता पहले से कमजोर ईरानी अर्थव्यवस्था पर इसका बड़ा असर पड़ा है। ईरान की रियाल मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और खाने-पीने की चीजों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। मांस, चावल और दूसरी चीजें आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। वहीं, लोगों को डर है कि ईरान और इस्राइल व अमेरिका के बीच फिर से लड़ाई भड़क सकती है, क्योंकि जून में 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान जिन मिसाइल ठिकानों पर हमला किया गया था, अब उनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकताओं को अंदरूनी दमन बढ़ने की आशंका मानवाधिकार कार्यकताओं को आशंका है। यह कार्रवाई 'स्नैपबैक' नामक व्यवस्था के तहत हुई है, जो विश्व शक्तियों के साथ ईरान के 2015 के परमाणु समझौते में शामिल थी। ईरान के लोगों को फिर लड़ाई भड़कने की सता रही चिंता पहले से कमजोर ईरानी अर्थव्यवस्था पर इसका बड़ा असर पड़ा है। ईरान की रियाल मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर है और खाने-पीने की चीजों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। मांस, चावल और दूसरी चीजें आम लोगों की पहुंच से दूर होती जा रही हैं। वहीं, लोगों को डर है कि ईरान और इस्राइल व अमेरिका के बीच फिर से लड़ाई भड़क सकती है, क्योंकि जून में 12 दिनों तक चले युद्ध के दौरान जिन मिसाइल ठिकानों पर हमला किया गया था, अब उनका पुनर्निर्माण किया जा रहा है। मानवाधिकार कार्यकताओं को अंदरूनी दमन बढ़ने की आशंका मानवाधिकार कार्यकताओं को आशंका है। दो साल के स्थगित मृत्युदंड का मतलब क्या सजा-ए-मौत की घोषणा के साथ अदालत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि तांग ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पश्चाताप जताते हुए उन्होंने अवैध धन वापस कर दिए हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए उनके साथ नरमी बरती गई और सजा को दो साल के स्थगित मृत्युदंड में बदला गया। इसका अर्थ है कि अगर वे अगले दो साल की अवधि में कोई नया अपराध नहीं करते, तो उनकी सजा आजीवन कारावास में बदली जा सकती है यह मामला 25 जुलाई से ही विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष, आरोपी और उसके वकीलों के बीच सबूतों पर जमकर हुई बहस के बाद अदालत ने फैसला सुनाया।

# नॉर्थ कैरोलिना में नौका सवार शख्स ने की भीषण गोलीबारी

**अमेरिका ।** अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राज्य के तटीय शहर साउथपोर्ट में शनिवार देर रात एक गंभीर गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और कम से कम आठ लोग घायल हो गए। यह हादसा उस वक्त हुआ जब एक बार में जमा भीड़ पर किसी व्यक्ति ने नाव से गोलियां चला दीं। जानकारी के अनुसार, यह घटना रात लगभग साढ़े नौ बजे हुई, जो साउथपोर्ट के तट पर स्थित बार और रेस्टोरेंट के एक लोकप्रिय इलाके के पास हुई। साउथपोर्ट विलमिंगटन से करीब 48 किलोमीटर दक्षिण में एक ऐतिहासिक बंदरगाह वाला शहर है।




## तीन की मौत, आठ घायल

### एक छोटी नाव से आया था हमलावर

मामले में जांचकताओं ने बताया कि आरोपी व्यक्ति एक छोटी नाव लेकर समुद्र के किनारे के पास आया, थोड़ी देर रुका और फिर भीड़ में गोलियां चलाकर वहां से तेजी से भाग गया। करीब आधे घंटे बाद अमेरिकी तटरक्षक बल (कोस्ट गार्ड) की टीम ने ओक द्वीप के पास एक सार्वजनिक नाव रैंप पर एक व्यक्ति को नाव निकालते हुए देखा। यह व्यक्ति संदिग्ध की पहचान से मेल खाता था। इसे तुरंत हिरासत में लेकर साउथपोर्ट पुलिस के हवाले कर दिया गया।

दो साल के स्थगित मृत्युदंड का मतलब क्या सजा-ए-मौत की घोषणा के साथ अदालत ने इस बात को भी रेखांकित किया है कि तांग ने अपराध स्वीकार कर लिया है। पश्चाताप जताते हुए उन्होंने अवैध धन वापस कर दिए हैं। इन परिस्थितियों को देखते हुए उनके साथ नरमी बरती गई और सजा को दो साल के स्थगित मृत्युदंड में बदला गया। इसका अर्थ है कि अगर वे अगले दो साल की अवधि में कोई नया अपराध नहीं करते, तो उनकी सजा आजीवन कारावास में बदली जा सकती है। यह मामला 25 जुलाई से ही विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष, आरोपी और उसके वकीलों के बीच सबूतों पर जमकर हुई बहस के बाद अदालत ने फैसला सुनाया।

जिनपिंग के कार्यकाल में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान तेज गौरतलब है कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सत्ता में आने के बाद साल 2012 से ही चीन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार विरोधी अभियान चलाया गया है। अब तक दस लाख से अधिक अधिकारी सजा या अनुशासनात्मक कार्रवाई झेल चुके हैं। दंड पाने वाले लोगों में दर्जनों शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल रहे हैं। तांग रेनजियान का मामला भी इसी अभियान का हिस्सा है। पूर्व मंत्री को सजा-ए-मौत चीन की कड़ी भ्रष्टाचार-रोधी नीति का एक और उदाहरण माना जा रहा है। मामले में अधिकारियों ने अभी तक संदिग्ध की पहचान सार्वजनिक नहीं की है और न ही यह बताया है कि इस हमले के पीछे क्या वजह हो सकती है। इस मामले की जांच में राज्य जांच ब्यूरो और तटरक्षक बल समेत कई एजेंसियां शामिल हैं, जो घटना स्थल और आसपास के पानी में सबूत जुटा रही हैं और गवाहों से पूछताछ कर रही हैं। वहीं अभी तक मृतकों के नाम और घायल हुए लोगों की स्थिति को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

# दिल की धड़कन बनी यशोदा हाफ मैराथन 3.0

## 4,000 से अधिक धावकों ने वर्ल्ड हार्ट डे पर दौड़कर रचा इतिहास

## दिल्ली-एनसीआर में फिटनेस और हृदय स्वास्थ्य का उत्सव, यशोदा मेडिसिटी ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम** : वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर यशोदा मेडिसिटी ने "Run For Your Heart" अभियान के अंतर्गत यशोदा हाफ मैराथन 3.0 का भव्य आयोजन किया। सुबह की ताजगी भरे माहौल में 4,000 से अधिक धावकों ने उमंग और उत्साह के साथ भाग लेकर न केवल फिटनेस का जश्न मनाया, बल्कि हृदय स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता भी फैलाई। मैराथन का शुभारंभ सुबह 5 :30 बजे यशोदा मेडिसिटी परिसर से हुआ। कार्यक्रम का फ्लैग-ऑफ डॉ. पी.एन. अरोड़ा (चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी), डॉ. उपासना अरोड़ा (मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी), अरुण सिंह (सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी) और रविंद्र कुमार मंदर (आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, गाज़ियाबाद) ने किया। दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न हिस्सों से आए धावकों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।



### विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कारों से सम्मानित किया गया

- 21.1 किमी श्रेणी : विजेता 11,000 रुपए, प्रथम रनर-अप 7,100 रुपए, द्वितीय रनर-अप 5,100 रुपए।
- 10 किमी श्रेणी : विजेता 7,100 रुपए, प्रथम रनर-अप 5,100 रुपए, द्वितीय रनर-अप 3,100 रुपए।
- 5 किमी श्रेणी : विजेता 5,100 रुपए, प्रथम रनर-अप 3,100 रुपए, द्वितीय रनर-अप 2,100 रुपए।



### सुरक्षा और स्वास्थ्य की संपूर्ण तैयारी

**करंट क्राइम।** पूरे मार्ग पर हाइड्रेशन स्टेशन, मेडिकल स्टाफ और ऑन-साइट हेल्थ चेक-अप की व्यवस्था की गई थी। यशोदा मेडिसिटी की विशेषज्ञ टीम ने सुनिश्चित किया कि हर धावक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में अपनी दौड़ पूरी कर सके।



### फिटनेस और हेल्दी हार्ट का सामूहिक उत्सव

**करंट क्राइम।** यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स की यह हाफ मैराथन अपने तीसरे संस्करण में पहुँची, और इस बार उत्साह पिछले सभी आयोजनों से कहीं अधिक रहा। कार्यक्रम का मकसद था दिल की सेहत और प्रिवेंटिव केयर पर जोर देना। स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने भी इस पहल का समर्थन किया, और 100+ विशेष बच्चों की भागीदारी ने इस आयोजन को और भी प्रेरणादायी बना दिया।

प्रतिभागियों ने चार श्रेणियों—21.1 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 3 किमी—में भाग लिया। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक तक हर वर्ग की भागीदारी ने इसे सामुदायिक फिटनेस फेस्टिवल बना दिया।



### विशेष अतिथियों के प्रेरणादायी विचार

**करंट क्राइम।** अरुण सिंह, सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री, भाजपा ने कहा, यशोदा हाफ मैराथन ने पूरे समुदाय को फिटनेस और हृदय स्वास्थ्य के एकजुट उत्सव में बदल दिया। यह आयोजन हमें नियमित शारीरिक गतिविधि और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। रविंद्र कुमार मंदर, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, गाज़ियाबाद ने कहा, प्रतिभागियों द्वारा दिखाई गई ऊर्जा और उत्साह वास्तव में समुदाय की शक्ति को दर्शाता है। यह आयोजन स्वस्थ जीवनशैली और हृदय स्वास्थ्य जागरूकता के लिए बेहद आवश्यक है। डॉ. पी.एन. अरोड़ा, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, यशोदा हाफ मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक सामाजिक संदेश है—लोग अपने हृदय स्वास्थ्य की जिम्मेदारी लें। हमें भारी भागीदारी देखकर गर्व है और हम प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को निरंतर बढ़ावा देंगे।

डॉ. उपासना अरोड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर, यशोदा मेडिसिटी ने कहा, बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों को एक साथ फिटनेस और हृदय स्वास्थ्य का उत्सव मनाते देखना प्रेरणादायी रहा। ऐसे आयोजन सामुदायिक जुड़ाव और रोकथाम स्वास्थ्य सेवा को मजबूत करते हैं।

**आगे की प्रतिबद्धता** : यशोदा मेडिसिटी न सिर्फ अपनी उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जानी जाती है, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा देने वाली पहलों में भी अग्रणी है। यशोदा हाफ मैराथन 3.0 इस संकल्प का प्रतीक है और आने वाले वर्षों में इसे और बड़े स्तर पर जारी रखा जाएगा।



# त्योहारी सीजन में डीसीपी सिटी ने संभाली सुरक्षा की कमान

## रामलीला मैदान का किया निरीक्षण, सड़क पर लगवाई बैरिकेडिंग



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्र और रामलीला जैसे बड़े आयोजनों के बीच पुलिस ने सुरक्षा को लेकर मोर्चा संभाल लिया है। नगर जोन के डीसीपी धवल जायसवाल ने रविवार शाम थाना विजयनगर क्षेत्रान्तर्गत रामलीला मैदान का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारियों और पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीसीपी ने स्वयं रामलीला मैदान के चारों ओर लगाए गए सुरक्षा प्रबंधों को परखा और मौके पर मौजूद पुलिस बल को भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। इसके साथ ही थाना नंदग्राम क्षेत्र में डीसीपी धवल जायसवाल ने बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग करवाई। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि त्योहारों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

इस मौके पर एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे और थाना प्रभारी नंदग्राम उमेश कुमार भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। त्योहारी सीजन में पुलिस का यह सतर्क रुख शहरवासियों में सुरक्षा का भरोसा दिलाने वाला है।

# पुलिस मुठभेड़ में स्नैचर गिरफ्तार

## इंदिरापुरम पुलिस ने घायल अवस्था में पकड़ा 29 वर्षीय बदमाश, तमंचा व चोरी की बाइक बरामद



गाजियाबाद, करंट क्राइम। इंदिरापुरम पुलिस ने वसुंधरा सेक्टर-2ए में चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की थी, जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लगी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि गिरफ्तार अभियुक्त यामीन (निवासी जनता मजदूर कॉलोनी, थाना वेलकम, दिल्ली, उम्र 29 वर्ष) है। उसके पास से अवैध तमंचा, कारतूस, पीली धातु की टिक्की और चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि यामीन ने इंदिरापुरम व साहिबाबाद में कई स्नैचिंग की घटनाएं की थीं। वह गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली-एनसीआर में मोबाइल व चेन लूटकर दिल्ली में बेचता था। उसके खिलाफ पहले से 5 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# गाजियाबाद में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की नई कार्यकारिणी घोषित



## डॉ. पवन कौशिक जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा महानगर अध्यक्ष



गाजियाबाद, करंट क्राइम। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने एक प्रेसवार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष गाजियाबाद डॉ पवन कौशिक एवं महानगर अध्यक्ष अभिषेक शर्मा को बनाने की घोषणा की साथ ही उन्होंने कहा कि जिला कमेटी में डॉ पवन कौशिक अध्यक्ष, कवि डॉक्टर आर पी शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डीके शर्मा उपाध्यक्ष, रामावतार पचौरी उपाध्यक्ष, रामकुमार शर्मा उपाध्यक्ष, कैलाश चंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, योगेंद्र शर्मा उपाध्यक्ष, महासचिव निर्मल शर्मा, महासचिव राजकुमार शर्मा, महासचिव संदीप शर्मा, सचिव दिनेश कुमार शर्मा ,सचिव रमेश कुमार कौशिक, प्रवक्ता सुभाष शर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश शर्मा सचिव ,अंजु शर्मा उपाध्यक्ष पदाधिकारी जिला कमेटी में होंगे। शर्मा ने कहा की महानगर अध्यक्ष अभिषेक शर्मा द्वारा शीघ्र ही कमेटी की घोषणा की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सर्व समाज के साथ रहा है और रहेगा प्रेसवार्ता के दौरान विनय शर्मा, अमरदत्त शर्मा, एम पी दीक्षित, महेश शर्मा, दिनेश शर्मा, शशिकांत भारद्वाज, पवित्र मोहन शर्मा, उमेश शर्मा, अशोक शुक्ला, योगेन्द्र शर्मा, कमलेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने अपनी कमेटी की कि घोषणा देवेंद्र दत्त शर्मा प्रदेश मुख्य संरक्षक, अशोक शर्मा साधु प्रदेश उपाध्यक्ष, दिनेश शर्मा प्रदेश महामंत्री, सतीश भारद्वाज एडवोकेट प्रदेश सचिव,रामबाबू शर्मा प्रदेश संरक्षक, राम निवास शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, मेरठ मंडल अध्यक्ष बी. एल. गौतम ने आशा जताई कि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा की सभी कमेटिया संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

# लाजपत नगर रामलीला समिति ने किया अतुल गर्ग का स्वागत

## सांसद ने कहा, ऐसा लग रहा है जैसे लाजपत नगर आज अयोध्या में तब्दील हो गई





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में रामायण कला संगम समिति द्वारा आयोजित रामलीला में मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग और महामंत्री पप्पू पहलवान पहुंचे। समिति के अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैंसला ने जोरदार स्वागत किया।

मुख्य अतिथि सांसद अतुल गर्ग और महामंत्री पप्पू पहलवान ने दीप प्रज्वलित कर रामलीला का शुभारंभ किया। सांसद अतुल गर्ग ने सभी राम भक्तों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप इतनी संख्या में रामलीला मैदान में रामलीला को देखने आए हैं, उससे लग रहा है जैसे लाजपत नगर आज अयोध्या हो गई हो। समिति के अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैंसला, संरक्षक ईश्वर त्यागी, महासचिव अशोक चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुष्कर गुप्ता, मीडिया प्रभारी मोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष के के सिंह ने सांसद अतुल गर्ग और महामंत्री पप्पू पहलवान का शॉल और फूल मालाओं से रामलीला मंच पर सम्मानित किया।

इस अवसर पर रामायण कला संगम समिति के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें स्थानीय पार्षद हिमांशु शर्मा, सचिव सालिकराम, अनिल सिरोही, मुदित त्यागी, दिनकर गुप्ता, रविंद्र भाटी, सुरेश कसाना, विनय कुमार, रविंद्र बालियान, प्रशांत पटेल, विजेंद्र सिंह, संदीप बंसल, पंकज गोयल, दीपक कुमार, अभिमन्यु मिश्रा, विनोद बालियान आदि लोग मौजूद रहे।

# श्री आदर्श धार्मिक रामलीला समिति, सेक्टर-23 संजय नगर गाजियाबाद में मुख्य अतिथि बने भाजपा नेता केडी त्यागी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** संजय नगर सेक्टर-23 स्थित श्री आदर्श धार्मिक रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित भव्य रामलीला कार्यक्रम में भाजपा नेता केडी त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंच पर पहुंचते ही समिति पदाधिकारियों ने उनका पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केडी त्यागी ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा है। भगवान श्रीराम का आदर्श चरित्र हमें मयार्दा, संयम, सत्य और न्याय का मार्ग दिखाता है। आज के समाज को राम के आदर्शों से जोड़ने का काम ऐसी रामलीलाएं करती हैं।

उन्होंने कहा कि जब-जब समाज ने श्रीराम के जीवन मूल्यों को आत्मसात किया है, तब-तब राष्ट्र मजबूत हुआ है। श्रीराम के वनवास, त्याग और जनता के प्रति समर्पण से हमें सीख लेनी चाहिए।

केडी त्यागी ने आयोजन समिति का आभार जताते हुए कहा कि इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन में शामिल होकर वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उन्होंने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन हमारी संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में सेतु का काम करते हैं।

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा : खोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन, 60 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान


## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने रक्तदान शिविर में की शिरकत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा मकनपुर मंडल में वाणी बैंकट हॉल में पूर्व नगर पालिका चेयरमैन रीना भाटी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल मौजूद रहे। केबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े के जरिए समाजहित के ऐसे कार्य करना भाजपा की संस्कृति और संकल्प दोनों को दशार्ता है। शिविर में 60 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्त एकत्र करने का कार्य गाजियाबाद जिला अस्पताल एवं एमएमजी अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने किया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता, खोड़ा मकनपुर मंडल अध्यक्ष पंकज (लड्डू) चौहान, खोड़ा मंडल अध्यक्ष जीतू राय, खोड़ा मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष अनुज कसाना, सभासद नागेंद्र चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष बालवीर चौहान, सभासद रामवीर यादव, विनय गुप्ता, गौरव तोमर, मनीष चौधरी, संजीव गिरी, चंदन झा, हरी मावड़ी, अखिलेश तिवारी, मनीष भट्ट, मुकेश पासवान, विजय झा, मंडल उपाध्यक्ष रंजीत पांडेय, आईटी संयोजक दीपक रावत, सुनीता अरोड़ा, रेखा भाटी और कविता चौधरी लक्ष्मी नेगी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।